रांची, बुधवार
24.04.2024
वर्ष : 9, अंक : 143 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

# भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती: मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता



**रांची/खूंटी**। इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।

पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा कीी सरकार थी, तो 11 लाख लोगो के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ और खूंटी में एक आंदोलनकारी शहीद भी हुआ। आंदोलन जारी रहा और भाजपा सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देना है।

# महागठबंधन जातिवाद का बीज बोकर राजनीति करती है : राजनाथ सिंह

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । शहर के बीच पतरा मैदान में मंगलवार को भाजपा द्वारा विशाल जनसभा कि आयोजन किया गया। इस जनसभा में बतौर मुख्य देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जिन्हें महिलाएँ तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत की। मौके पर, इस जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को तीन लाख मतों से ज्यादा से जिताना है। उन्होंने कहा कि अगर अर्जुन मुंडा जी इतने मतों से विजयी होते हैं तो खूँटी के जनता का अभिवादन करने मैं खुद आऊंगा। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के तीन मुख्यमंत्री बने लेकिन किसी पर भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा लेकिन यहां के पूर्व सीएम तो डेढ़ दिन तक गायब रहे, जो मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की जनता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है और ऐसे तपस्वी पुरुष को हमें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, हमें उसे हकीकत में बदलना है। उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है और खूँटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूँटी को विकसित बनाने के लिए है। यह नामांकन खूँटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है । यह नामांकन भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूँटी बनाने के लिए है। यह नामांकन मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए है। यह नामांकन खूंटी के महिलाओं के सम्मान के लिए है। यह नामांकन मेरे युवा भाइयों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए है।

### यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है - सुदेश महतो

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है। इस चुनाव से हम देश का नेता का चयन करेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जैसे लोकप्रिय नेता का हमें फिर से चयन करना है। वहीं खूंटी से हमें मुंडा जी को चुनकर भेजना है, जो मोदी जी के साथ काम करेंगे। उन्हें रिकॉर्ड मतों से हमें जिताना है।

### आप सांसद नहीं चुन रहे हैं बल्कि एक मंत्री चुन रहे हैं-बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में 14 में 14 सीटें जीतने का काम करना है। आज विपक्ष के बारे में आप सभी लोगों को पता है, इन लोगों ने लूट मचा रखी है। बालू -पत्थर की लूट मचा रखी है। दूसरी ओर हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत के निर्माण की बात करते हैं तो विपक्ष के लोग अपने परिवार के विकास की बात करते हैं। खूँटी की जनता अर्जुन मुंडा को जिताकर फिर से कमल खिलाने का काम करेगी। इससे पूर्व नामांकन के समय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पद्मभूषण कड़िया मुंडा और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के अलावे खूँटी तोरपा सिमडेगा पालकोट खरसावाँ आदि विधानसभा क्षेत्रों से भी लोग उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई



**रांची**। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

# कांग्रेस के डीएनए में है तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति : मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है और यही उसकी पहचान बन चुकी है।

श्री मोदी ने आज छत्तीसगढ़ में सक्ती जिले के जेठा में जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार कमलेश जांगड़े के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति के अलावा कांग्रेस का एक और सबसे बड़ा प्रतीक परिवारवाद है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार रही लेकिन इसे एक परिवार अपने रिमोट से कंट्रोल करता रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये कांग्रेस ही है जिसने सत्ता में आदिवासियों को कभी अहमियत नहीं दी और जब हमने देश के सबसे बड़े पद पर एक आदिवासी को पदारुढ़ किया तो यही पार्टी इसके खुले विरोध में उतर आयी।

उन्होंने कहा कि गरीबी हटाओ के नाम पर कांग्रेस ने बीते 60 सालों तक देश में राज किया लेकिन गरीबी तो खत्म नहीं हुई बल्कि कांग्रेस के लोग अपनी जेब भरते तथा अमीर होते गये। उन्होंने कहा , 'हमने झूठे सब्जबाग नहीं दिखाये। आपने हमारी सरकार बनायी और हमने आपकी उम्मीदों के अनुरूप गरीबों के हित में काम किया तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा।' उन्होंने जोर दिया कि मोदी की गारंटी है और मोदी जो कहता है उसे पूरा करता है। गरीबों को मुफ्त राशन योजना अगले पांच सालों तक जारी रहेगी यह भी मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का किसान फसल बेचने की जद्दोजहद और पर्याप्त कीमत न मिलने के कारण ज्यादा धान की पैदावार करने में रूचि नहीं लेता था लेकिन आज प्रदेश में भाजपा की सरकार ने इसका समाधान किया है। विष्णुदेव साय सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सात हजार करोड़ रुपए दिये गये हैं और आगे भी दिये जाते रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा 'मैं कुछ माह पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान आपके पास आशीर्वाद के लिए आया था। केंद्र में हमारी तीसरी बार सरकार बने और हम आपकी सेवा करते रहें। यही प्रतिबद्धता लिए आज फिर आपके आशीर्वाद के लिए यहां आया हूं।' उन्होंने कहा , 'मैं आप सबके लिए लगातार रात-दिन काम करता रहता हूं। आगामी 26 अप्रैल को आपको भी मोदी के लिए एक घंटा निकालना है और अपना वोट देना है। आप भाजपा उम्मीदवार को चुनाव में जिताकर दिल्ली भेजें। मुझे उनके सहयोग की जरुरत है।' रैली को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी संबोधित किया।

## कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

बिभा संवाददाता



**रांची**। झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे।

कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा तीन मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

# कांग्रेस ने विनय तमांग को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

एजेंसी



**कोलकाता**। दार्जिलिंग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करने वाले कांग्रेस नेता विनय तमांग को पार्टी ने छह साल के लिए निकाल दिया है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मनोज चक्रवर्ती की ओर से मंगलवार शाम इस बारे में बयान जारी किया गया है। इसमें लिखा गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निकाला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बंगाल कांग्रेस के महासचिव के पद पर रहे विनय तमांग ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि वह दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करेंगे। उन्होंने पहाड़ के लोगों से भी राजू बिष्ट को ही वोट देने की अपील की थी।

## विश्व-स्तर की शिक्षा व सेवा प्रदान करना एम्स संस्थानों की बड़ी उपलब्धि: मुर्मू

एजेंसी

**ऋषिकेश**: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व-स्तर की शिक्षा और सेवा प्रदान करना एम्स, ऋषिकेश सहित, सभी अन्य एम्स संस्थानों की एक बहुत बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि है। शैक्षिक (टीचिंग) हॉस्पिटल्स के रूप में एम्स संस्थानों ने सर्वश्रेष्ठ मापदंड स्थापित किए हैं। इसके लिए मैं एम्स संस्थानों से जुड़े सभी लोगों की सराहना करती हूं।

श्रीमती मुर्मू ने कहा,मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है कि यहां के विद्यार्थियों में छात्राओं की कुल संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा,पिछले सप्ताह मेरी मुलाकात इंडियन इकोनॉमिक सर्विस के अधिकारियों के नए बैचेस से हुई थी। उन अधिकारियों में भी लगभग 60 प्रतिशत संख्या महिला अधिकारियों की थी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ-व्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर, टेर्टियरी हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती हुई भागीदारी एक बहुत बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है।

राष्ट्रपति ने कहा,बेटियों की भागीदारी और सफलता के लिए मैं, एम्स ऋषिकेश, सभी छात्राओं के परिवार-जनों और सभी बेटियों को विशेष बधाई देती हूं। यह भी एम्स, ऋषिकेश के लिए और पूरे समाज के लिए गर्व की बात है कि इस दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या, छात्रों से अधिक है।

श्रीमती मुर्मू ने एम्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे देशवासियों के लिए इसका मतलब सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना होता है। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा इलाज और कम से कम खर्च में इलाज होना भी एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके तथा और अधिक संख्या में आप जैसे मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें, इन उद्देश्यों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक एम्स की स्थापना की जा रही है।

# दल बदल कानून को मजबूत किया जाए: नायडू

एजेंसी



**नई दिल्ली** : पूर्व उप राष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि नेताओं द्वारा बार-बारदल बदलना परेशान करने वाला है। उन्होंने दल बदल कानून को और मजबूत करने का आह्वान किया। पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि चुनाव के दौरान कोष के प्रबंधन के बिना मुफ्त के उपहार देने की घोषणा हानिकारक परिपाटी है और इसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए और लोगों को भी दलों एवं नेताओं के इन बड़े-बड़े वादों पर सवाल करना चाहिए। नायडू को सोमवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा, दलबदल को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए।

पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, अब, चिंता की बात यह है कि सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। उन्होंने कहा, यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए।

लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है।

उन्होंने कहा कि एक और अस्वस्थ प्रवृत्ति यह है कि लोग दाएं-बाएं वादे कर रहे हैं, बिना यह सोचे कि पैसा कहां से आएगा, क्योंकि पैसा तो है नहीं। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, राजनीतिक दलों को एक घोषणापत्र जारी करना चाहिए और दूसरा, राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए और तीसरा,उन्हें बताना चाहिए कि संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे और फिर वे उसे कैसे खर्च करना चाहते हैं ।उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे सबकुछ मुफ्त में देना संभव है क्योंकि पैसे पेड़े पर नहीं उगते। नायडू ने कहा कि राज्यों पर लाखों करोड़ रुपये का बोझ है फिर भी नेता सबकुछ मुफ्त में देने के वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मुफ्त के उपहार के खिलाफ हूं। मैं इसके पक्ष में हूं कि दो चीजें शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त दी जानी चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त कीजिए और बाकी अन्य से बचें। वे यह नहीं कर रहे हैं।

नायडू ने कहा, इस तरह के वादों और मुफ्त सुविधाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए और राजनीतिक दलों से सवाल करना चाहिए कि आप संसाधन कैसे जुटाने जा रहे हैं। घोषणापत्र और संसाधन जुटाने तथा राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य को लोगों के सामने पेश किया जाना चाहिए। नायडू ने मतदाताओं से उन उम्मीदवारों को खारिज करने की अपील की जो अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हैं और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं। आंध्र प्रदेश से जाकर तमिलनाडु बस गए एक धार्मिक संत से मुलाकात का उल्लेख करते हुए नायडू ने कहा कि मुस्लिम मूल के होने के बावजूद वह हर सुबह राम भजन गाते हैं।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी

**नई दिल्ली**: लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 07 मई को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के आठ उम्मीदवार भी हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निर्विरोध होने के कारण इसका आंकड़ा शामिल नहीं है।

चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में 95 संसदीय क्षेत्रों (बैतूल लोकसभा क्षेत्र) के लिए कुल 2963 नामांकन दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1563 नामांकन वैध पाए गए। गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म थे, जिसमें से सूरत सीट पर चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस कारण तीसरे चरण में गुजरात में सिर्फ 25 सीटों पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ में लासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब इस चरण का मतदान तीसरे चरण में यानी 07 मई को होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### याद किए गए वीरेंद्र भगत, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**रातू ।** झारखंड आंदोलनकारी , आजसू के संस्थापक सदस्य सह सरना प्रार्थना सभा के संस्थापक सरना रत्न स्व वीरेंद्र भगत की तृतीय पुण्यतिथि होचर पतराटोली रातू स्थित उनके समाधि स्थल पर मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में आए शुभचिंतकों एवं सामाजिक और राजनीतिक लोगो ने पुष्प अर्पित कर वीरेंद्र भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला परिषद की अध्यक्ष सह सरना रतन वीरेंद्र भगत की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला भगत, राजेंद्र भगत , चिंटू मिश्रा , तारूप मुखिया अहिल्या कच्छप , पंचायत समिति सदस्य सालगी उरांव, पुरियो पंचायत की मुखिया ज्योति भगत, सुंडील मुखिया लीला तिर्की, पंचायत समिति जितेंद्र कांशी , उपमुखिया बंधु महतो, बसंत भगत , देवेंद्र पाहन, बसंत पाहन, अशोक ठाकुर, चंद्रदीप उरांव, अमीन मुंडा, संगीता उरांव, रीमा उरांव, सुनील पाहन, महादेव पाहन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

### रातू में कार की टक्कर से युवक घायल

**रातू :** थाना क्षेत्र के हाजी चौक के पास अज्ञात कार की चपेट में आने से सड़क के किनारे खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम साढ़े छह बजे की है। हादसे में युवक के दोनों पैर और घुटनों में गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर रातू गश्ती पुलिस ने घायल को रिम्स भेज दिया।

### रामायण पाठ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**सोनाहातू।** प्रखंड के गोमियाडीह गांव में एक दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन मंगलवार सुबह को किया गया। रामायण पाठ के शुरूआत के अवसर पर कांची नदी बमलाडीह घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। पंडित अनिल उपाध्याय ने विधिवत पूजन के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। महिलाओं ने कलश में कांची नदी का पवित्र जल लेकर रामायण यज्ञ स्थल तक लाये। इस अवसर पर सनातन दास, ग्राम प्रधान जीवाधन सिंह मुंडा, अमर अहीर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रामायण कथा पाठ मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह तक होगी।

### झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका चौकबॉल टीम रवाना

**रांची :** 13 वी सब जूनियर अंडर 15 आयु वर्ग बालक/ बालिका एवं 14 वी जूनियर अंडर 19 आयु वर्ग बालक/ बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब चौकबॉल संघ के द्वारा इंडियन चौकबॉल फेडरेशन के देखरेख में दिनांक 26 से 28 अप्रैल 2024 तक पुलिस डी ए बी पब्लिक स्कूल पाप कैम्पस जालंधर पंजाब में आयोजित हो रही है जिसमे भाग लेने के लिए आज झारखंड राज्य चौकबॉल जूनियर अंडर 19 आयु वर्ग में बालक/ बालिका टीम रांची रेलवे स्टेशन से जालंधर पंजाब के लिए प्रस्थान की जो इस प्रकार हैं । बालक वर्गः- शुभम-उरांव ( कप्तान ), अगस्टिन एलेन तिग्गा ( उप कप्तान ),प्रियांशु जोन तिर्की, राहुल कच्छप,अनुज कुमार मुंडा, असीम अनुराग मिंज, एबनेजर जोन



मुंडू, मनीष कुमार महतो, ओमेंद्र, पियूष कुमार निर्मिकर, योगेंद्र साहु, कोच अंदीप लकड़ा सामिल हैं। बालिका वर्गः- अमिका मिंज (कप्तान), तन्नू केरकेट्टा (उप कप्तान), ऋषिका लकड़ा, अमीषा तिर्की, अंकिता तिर्की, श्रुति सपना टूटी, प्रिया पलक, सैफाली सिमरन नायक, रागिनी कुमारी, अंजली कच्छप, भुनेश्वरी कुमारी,दीप्ति कुमारी, जेनिस टोप्पो, सुधा गुप्ता, कृति रानी भगत,कोच रेशमा कुमारी,मैनेजर ब्रजेश गुप्ता सामिल हैं। यह जानकारी झारखंड राज्य चौकबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने दी।

### श्री महावीर मंडल ने दीपोत्सव मनाया

**रांची :** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल राँची पूर्व अध्यक्ष श्री राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर एवं सभी अखाड़ो में दिप उपत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गई की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और दीपोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष श्री शंकर दुबे , महामंत्री श्री गोपाल पारीक , वरिष्ट समाजसेवी श्री अर्जुन राम , डॉ राजेश गुप्ता छोटू , प्रणय कुमार , श्री महावीर मंडल राँची के उपाध्यक्ष राज किशोर , विश्व हिन्दू परिषद के कैलाश केसरी शामिल थे । श्री महावीर मंडल राँची ने दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी प्रभारियों , अखाड़ाधारियों , मंदिर कमिटी एवं सभी राम भक्त के प्रति आभार व्यक्त किया । आयोजन को सफल बनाने में संजय सहाय , मंटू दुबे , प्रकाश चंद्र सिन्हा , अमरदीप साहू , राकेश सिंह , इंदर सिंह , दीपू कुमार , कैलाश पारीक सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में दीपोत्सव मनाया गया ।

### नदी की जमीन पर बनाया जा रहा है मकान



**कांके।** थाना क्षेत्र के प्रेमनगर के समीप पोटपोटो नदी की जमीन पर भूमाफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है।ग्रामीणों ने इसे लेकर अंचल अधिकारी, उपायुक्त, एसएसपी, ग्रामीण एसपी, एसडीओ को आवेदन देकर नदी की जमीन बचाने की अपील की है।आवेदन में ग्रामीणों ने जमीन कब्जा का आरोप प्रेमनगर निवासी मुकेश कुजूर व शमशेर अंसारी पर लगाया है। ग्रामीणों ने भूमाफियाओं के खिलाफ नदी की जमीन नहीं बेचने का विरोध जताया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार बताया कि मुकेश कुजूर पर कांके थाना में पूर्व में पांच अपराधिक मामले दर्ज है.उन लोगों के द्वारा नदी के किनारे की जमीन पर मिट्टी भरकर जमीन बेचा गया है.जिसपर अवैध निर्माण का कार्य लगातार जारी है।

# एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना महान गौरव का क्षण : मो ज्याऊद्दीन

बिभा संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। यज्ञ ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की



बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री डी के पाण्डेय और महामंत्री श्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुँचेगी जहाँ विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात और के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं।

ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है जिसमें वी वी गिरी,लोकनायक जयप्रकाश नारायण,मधु दंडवते,जार्ज फर्नांडीस,उमरावमल पुरोहित,जे पी चौबे,राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। इन्हीं महान समर्पित नेतृत्व के कारण ही रेल मजदूरों के साथ साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों की कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ तथा अनेकों श्रमिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा,केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आर के सिंह,अजय सिंह,आई एम सिंह,बी के साव,पी के सिन्हा,रुपेश कुमार,बी बी सिंह,चंदन कुमार शुक्ला,विकास कुमार,आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी,दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

## नामकुम प्रखण्ड के हरदाग एवम डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में चूल्हा प्रमुखों का हुआ गठन

बिभा संवाददाता

**अनगडा :** नामकुम प्रखण्ड के हरदाग और डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी का बैठक किया गया। बैठक में 16 चूल्हा प्रमुख बनाया गया। हरदाग पंचायत का बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रभारी श्रीमती दीपा देवी ने कि। वही डूंगरी पंचायत प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अध्यक्षता में बैठक संम्पन्न हुआ

मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा पंचायत के हर गाँव में



चुल्हा प्रमुख चुनाव से पहले तैयार करना है क्योंकि चुल्हा प्रमुख पार्टी का रीढ़ है आजसू पार्टी राज्य अलग लेने का कूवत रखतीं है। तो झारखण्ड राज्य को चलाने एवं आम अवाम को बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखती है।

संचालन रांची जिला के सचिव श्री कुदरत शेख ने किया। केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह है की 28 अप्रैल को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम राँची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आएं और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझें और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने किया।

इस मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक, डूंगरी पंचायत ग्राम प्रधान राजू नायक, संजय नायक, मुनचुन सिंह, हरदाग पंचायत प्रभारी मधु सिंह बिंझिया, ग्राम प्रभारी रजाउल हक, संजय नायक, सुमित महतो, संजय मुंडा, पिंटू नायक, सिकंदर नायक, कोका नायक, अंशु एक्का, दिलीप मुंडा, किशोर नायक, विजय सिंह, शुखामबर सिंह, सुखबिर सिंह बिजिंया, शावना मुंडा, मुनियां नाग, सुनीता बाड़ा, डुभन देवी, अनु कुमारी, ईलिसिबा स्वांसी, पाल्हो संग्गा, कौशलिया देवी, संगीता देवी, मानव देवी, बिलामणी देवी आदि सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

### मोरहाबादी सड़क दुर्घटना पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने लिया संज्ञान, रिम्स को घायलों के इलाज के निर्देश



**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी के समीप सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिये हैं। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा देर रात रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। दरअसल सोमवार की रात एक अनियंत्रित कार ने एक महिला को कुचल दिया था। जिससे महिला की मौत हो गयी थी। वहीं कार की चपेट में आने से अन्य छह लोग भी घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक्सयूवी 700 कार को जब्त की और आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

## प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने सेंट जेवियर्स कॉलेज में जियोक्लब के पृथ्वी दिवस पर छात्रों को किया प्रेरित



बिभा संवाददाता

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में भूगोल विभाग और आई क्यू ए सी द्वारा आयोजित जियोक्लब के पृथ्वी दिवस समारोह का दूसरा दिन कार्यक्रम का समापन हो गया।

कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि, नेशनल ज्योग्राफिक, एचबीओ, डिस्कवरी नेटवर्क और अतुल्य भारत के साथ काम करने का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रसिद्ध वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने छात्रों के साथ अपना ज्ञान और अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि का पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत व दीप प्रज्जवलन कर हुओ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अतिथि अंकुश कसेरा को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट कियो प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अपने स्वागत संबोधन में छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सपनों का महत्व, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य प्राप्ति के लिए भीड़ में ना चले बल्कि भीड़ से अलग खड़े होकर अपने व्यक्तित्व को निखारने कि कोशिश करे तथा उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जीवन में किसी चीज की शुरूआत करने के लिए कभी देर नहीं होती कार्यक्रम के दौरान रांची में स्वच्छता और अपने ग्रह को अपने घर की तरह मानना पर प्रकाश डालते हुए एक शोर्टफिल्म का प्रदर्शित किया गया।

अतिथि कसेरा ने अपने अनुभवों, महत्वाकांक्षाओं, संघर्षों आदि को साझा करते हुए छात्रों को प्रकृति और जंगल कि खूबसूरती और मनमोहकता को पहचानने, अपने कौशल को निखारने तथा सफलता के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करने तथा उसे भौतिक संपत्ति से अधिक प्राथमिकता देना के महत्व पर बल दिया ।

## चान्हो मे धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, झूमे श्रद्धालु

### कलश यात्रा में शामिल हुए लोहरदगा लोकसभा के सहसंयोजक सन्नी टोप्पो

बिभा संवाददाता

**चान्हो :** थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व 5 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व युवतियां कलश लेकर ग्राम रघुनाथपुर के शिव मंदिर से सिलागाई कोयल नदी के रा घाट पर जल भरने निकली। वहां से जल लेकर आने के बाद कलश को शिव मंदिर के यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। इस कलश यात्रा में शामिल विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ,भाजपा युवा नेता लोहरदगा लोक सह संयोजक सन्नी टोप्पो कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते युवा थिरक रहे थे।रास्ते में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के नारों से श्रद्धालुओं ने वातावरण को



गुंजायमान रखा। यात्रा जब सिलागाई नदी के घाट पर पहुंची तो यज्ञाध्यक्ष आचार्य व यज्ञ संचालक ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया।

#### पुलिस-प्रशासन अलर्ट

यात्रा के दौरान चान्हो पुलिस प्रशासन टीम व्यवस्था में लगा हुआ था।इस मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,अध्यक्ष मुकेश बैठा ,सचिव श्रीनाथ ठाकुर, संरक्षक मिथिलेश सिंह, पूर्व जिप सदस्य बबीता देवी , जिप सदस्य आशुतोष तिवारी , समाज सेवी अजित सिंह , सतिश शाह, कैलाश गुप्ता ,मिथलेश सिंह, विजय महतो व अन्य मौजूद रहे ।

#### आज का कार्यक्रम

नित्य पूजन, अधिवास, हवन, आरती एवं भंडारा

25 अप्रैल
प्रातः कालीन नित्य पूजन, अधिवास, नगर भ्रमण, शय्याधिवास, आरती एवं भंडारा

26 अप्रैल
वेदी पूजन, महान्यास, प्राण प्रतिष्ठा, आरती एवं भंडारा

27 अप्रैल
यज्ञपूणार्हुति, भंडारा, ब्राम्हण भोजन एवं ब्राम्हण की विदाई

स्वीप के तहत सिमडेगा जिला मतदाता जागरूकता कुरडेग प्रखंड स्तरीय महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप एवम शपथ कार्यक्रम

## महिला वर्ग में गम्हार डीपा और पुरुष वर्ग में निर्मला उच्च विद्यालय की टीम विजेता हुई

बिभा संवाददता

**सिमडेगा :** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूकता करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा के मार्गदर्शन में सिमडेगा जिला प्रशासन के द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसके तहत सिमडेगा जिला प्रशासन स्वीप कोषांग और हॉकी सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में आज सिमडेगा जिला निवासी अर्जुन अवार्ड से सम्मान प्राप्त ओलंपियन सह विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता में सभी पदक प्राप्त कर चुके स्व माइकल किंडो की धरती कुरडेग प्रखंड के खालीजोर विद्यालय के हॉकी मैदान में सिमडेगा जिला मतदाता जागरूकता सीनियर कुरडेग प्रखंड स्तरीय महिला एवम पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन सह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रतियोगिता के महिला वर्ग के खेले गए फाइनल मुकाबले में गम्हार डीपा ने खालिजोर





विद्यालय की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4=3 से पराजित कर विजेता बनी, मैदानी खेल में दोनो ही टीम 02=02 गोल की बराबरी पर थीं। गम्हार डीपा टीम की रुपसाना केरकेट्टा को प्लेयर ऑफ द टूनामेंट एवं खालीजोर विद्यालय की शिल्पा तिर्की को इमर्जिग प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चयनित कर सम्मानित किया गया, वन्हि पुरुष वर्ग का फाइनल मैच भी मैदानी खेल में निर्मला उच्च विद्यालय खालीजोर और डे बोर्डिंग कुरडेग हाई स्कूल के बीच 2=2 गोल की बराबरी पर रहा है पेनाल्टी शूटआउट में निर्मला उच्च विद्यालय की टीम 3=2 से बिजयी हुई। पुरुष वर्ग में निर्मला उच्च विद्यालय के पंकज एक्का को प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट तथा कुरडेग डे बोर्डिंग के अमन टोप्पो को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट चयनित कर सम्मानित किए गया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता की सुरूवात हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी,पंखरासियूस टोप्पो,फादर विपिन सोरेंग,फादर रंजित डुंगडुंग एवम अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया।

मैच प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित खिलाड़ियों ,अतिथियों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र गान किए तत्पश्चात 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और उत्साह बढ़ाने की शपथ ली।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में नीलम एक्का,अतुल तिर्की,नवीन मिंज,जॉन मिंज,कामिल कुजूर,पौलूस तिर्की, फादर विपिन सोरेंग,फादर रंजित डुंगडुंग, हॉकी सिमडेगा पंखरासियूस टोप्पो, बलबीर प्रसाद,सोनू ठाकुर,मनोज कोणबेगी,स्वीप कोषांग के विजय लकड़ा, जगनाथ ,एवम की प्रमुख भूमिका थी।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन 26 को

बिभा संवाददाता

**रांची :** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के



मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों कोआमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### भाजपा प्रत्याशी को राजा पीटर ने निस्वार्थ भाव से समर्थन देने का किया ऐलान

**तमाड़।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा के पूर्व विधायक व मंत्री गोपाल कृष्णा पातर उर्फ राजा पीटर ने देश को देखते हुये भाजपा उम्मीदवार सह खूंटी के सांसद व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को निस्वार्थ भाव से समर्थन दिया। 21 अप्रेल को दिऊड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष से गुप्तगु हुयी थी और वे राजा पीटर से समर्थन मांगे थे। आज पीटर ने तमाड़ विधानसभा के कार्यकताओं के साथ बैठक कर उक्त निर्णय लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने हर्षिता चामरिया एवं अमन अग्रवाल को किया सम्मानित



**रांची :** राँची समर्पण शाखा द्वारा सिविल सेवा 2023 की परीक्षा में हर्षिता चामरिया (रांची) एवं श्री अमन अग्रवाल (चाईबासा) की सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा आज संपूर्ण मारवाड़ी समाज को इन्होंने गौरवान्वित किया है। मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा की ओर से अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई। और शाखा द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2024 को महाराजा अग्रसेन भवन में सुश्री हर्षिता चामरिया एवं श्री अमन अग्रवाल को मोमेंटो एवं अंग्वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ऐसे होनहार बच्चों का इतने अच्छे से पालन पोषण करने के लिए उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल मौजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### श्री महावीर मंडल रांची के तत्वाधान में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में गंगा आरती का आयोजन



**रांची :** मंगलवार को भगवान राम जी का छठी तथा हनुमान जयंती के पवित्र अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची के तत्वाधान में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर महावीर चौक के प्रांगण में संध्या 6:00 बजे गंगा आरती, हनुमान चालीसा पाठ तथा भगवान रामचंद्र जी का आरती, आरती- वाधक/ गायक श्री पियूष पाठक के द्वारा किया गया। तत्पश्चात राम भक्तों के बीच 251केजी खीर प्रसाद का वितरण किया गया। उसके बाद श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारीयों द्वारा, मंदिर में स्थापित श्री महावीर मंडल रांची का एकमात्र प्रथम हनुमान ध्वज को सम्मान पूर्वक उतरा गया एवं परंपरा के अनुसार उसे सुरक्षित रखा गया। इसके साथ ही रांची के सभी अखाड़ा, क्षेत्रीय महावीर मंडल के राम भक्तों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से हनुमान जी का झंडा उतारने का सिल सिला चालू हुआ और श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा रांची के सभी राम भक्तों से पुनः अपील भी किया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के चौक चौराहों से रोड और मुहल्लों से तथा अपने-अपने अखाड़ो से ₹ हनुमान ध्वज₹ को सम्मान पूर्वक उतार कर सुरक्षित रखें। ताकि ऐतिहासिक परंपरा कायम रह सके। आज समस्त कार्यक्रम का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू ने किया इस अवसर पर, मंत्री दीपक ओझा, मुन्ना शर्मा, उदय रविदास, प्रेम गुप्ता, राजकिशोर जी, प्रदीप गुप्ता, रामधन बर्मन, हीरालाल साहू, किशोर साहू, शंकर प्रसाद, शंकर साहू, राजा सेन गुप्ता , प्रमोद सारस्वत, गोपाल सोनी, रुपेश बर्मन,सहित सैकड़ो महिला पुरुष रामभक्त शामिल हुए और और महाआरती में हिस्सा लिए।

### श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**रांची:** श्री हनुमान जन्मोत्सव,चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर विहिप और अन्य हिंदु परिवार की द्वारा पुरे प्रांत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हुआ हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। प्रांत मन्दिर मिथलेश्व मिश्र ने कहां की इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है ।श्री हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म ,समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित हेतु हम प्रांत, जिला के प्रखंड और गांव में इस वर्ष उत्सव दिखने को मिला। इस मौके पर प्रांत संघठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, रंगनाथ महतो जी, प्रांत संयोजक बजरंग दल दीपक ठाकुर जी,विशेष संपर्क सह प्रमुख प्रिंस आजमानी, समाजिक समरसता किशुन कुमार झा, मातृ शक्ति दीपा रानी कुंज,रांची जिला कैलाश केसरी,अरविंद मिश्रा, कुमार गौरव, छोटू वर्मा, शशि जी,दामोदर जी, बीना जी एवं अन्य प्रांत जिला,प्रखंड के विहिप एवं अन्य हिंदू संगठन के लोग इसे सामूहिक हनुमान चालीसा में शामिल हुए।

### हाईकोर्ट में उपस्थित हुए ट्रैफिक एसपी



**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को राँची के ट्रैफिक एसपी अदालत के समक्ष उपस्थित हुए. अदालत ने उन्हें यह निर्देश दिया कि एंबुलेंस और स्कूली बसें जाम में न फसें इसका ध्यान रखा जाए. इसके साथ ही अदालत ने राज्य के गृह सचिव को एफि डेविट के माध्यम से यह बताने को कहा है कि ट्रैफिक पुलिस के रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. नगर निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा.

# चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर शिकायत किए मुख्यमंत्री, कहा धरोहर हमारी पूंजी है : मुख्यमंत्री

बिहान भारत संवाददाता

**रांची।** महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के द्वारा चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। विदित है कि महाराजा मदरा मुंडा मुरहड़ पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति के द्वारा एक आवेदन दिया गया , जिसमें मरंग बुरु को गोद लेने एवं महाराज मदरा मुंडा मरंग बुरू के पिलचु हड़ाम पिलचु बुढ़ही सहित 44 धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित एवं संरक्षण करने का निवेदन किया गया तथा महाराजा मदरा मुंडा मुरहड़ पहाड़ मरंगबुरू को गोद लेने एवं





पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निवेदन किया गया। पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की भी प्राप्ति होगी।

माननीय मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि महाराज मदरा मुंडा के जन्मदिन के शुभ अवसर पर। 44 धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण एवं संरक्षित करूंगा एवं मरंगबुरु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित भी करूंगा। आप लोग जितना सोचे हैं उससे कहीं अधिक मैं करूंगा।

बताते चले की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के द्वारा प्रदीप पहान के अगुवाई में ढोल ढाक बाजे गाजे के साथ रीति रिवाज रूढि प्रथागत विधि विधान के साथ भेड़ा, बकरा, मुर्गा मुर्गी एवं फल फूल पत्ती के साथ दो दिनों तक 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को पूजा की गई। शाम में पूजा का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बा बाहा सरहुल मिलन समारोह एवं नृत्य किया गया।।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी गण महेश्वर पहान, प्रवीण पहान, बलराम मंडा, सूरज मुंडा, किशोर मुंडा, जगत मुंडा, डॉ प्रदीप मुंडा, राम लगन महली, मधुसूदन महली, विश्वनाथ मुंडा, विमल पहान, गुरुचरण मुंडा, ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा, ग्राम प्रधान राम लगन मुंडा, रामकिसुन लोहारा, प्रेम पहान कैलाश महतो व अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही। इन सभी का नेतृत्व कर रहे जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने कहा यह पर्व में समाज विरोधी सिर्फ अपनी रोटी सेंकने में है पर समाज आज जाग उठा है।अब राजनीति रोटी नहीं चलेगी।

**सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, के छात्र/छात्राओं द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान प्रभात फेरी का आयोजन**

## यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है: अनुमंडल पदाधिकारी

बिभा संवाददाता

**रांची :** स्वीप के तहत जिले में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, श्री सुमित कुमार अग्रवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी, श्री जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात फेरी निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा की ₹कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट₹, ₹25 मई देना है, देना है वोट₹। साथ ही मतदाताओं से छात्राओं ने कहा देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाते हुए वोट जरूर करें।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करती है, इसलिए मतदान जरूर करें। आपने वोट की ताकत का प्रयोग करें।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा विशेष रूप से कहा गया की यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है, जिससे मतदाता जागरूक एवं जिम्मेवार बने और मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर मतदान बूथों में जा कर मतदान करें। देश को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाए।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा लगातार शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण किया जा रहा है। वह तमाम प्रयास किए जा रहें है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढे। उनके द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैंडल मार्च, प्रभात फेरी, लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण, बीएलओ के साथ बैठक, मिडिया के जरिये मतदान की अपील, पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव से जुड़े तमाम पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

## भाजपा चुनाव में हार मान चुकी है : गौतम सागर राणा



बिभा संवाददाता

**रांची।** राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हें परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। राणा मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगों के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर के विचारधारा को तोड़ने वाले भाजपा की नफरती मानसिकता को सफल होने नहीं देगी।

इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित की जायेगी। इस दौरान महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार,उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली,महासचिव मनोज पांडे,युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी,श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप,सचिव चंद्रशेखर भगत, शालिग्राम पांडेय,शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के चार तस्करों को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान, मो रिजवान शामिल है। इनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर ( 27.71 ग्राम), 4800 नगद रुपये, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुडे होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।

## रांची में छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त, राजस्थान का आरोपित गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**रांची।** राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा से भरे हुए 158 प्लास्टिक बोरे मिले। वाहन चालक सह मालिक हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। चालक हरपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि डोडा को खूंटी के ग्रामीण क्षेत्रों से लोड कर रांची होते हुए जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। मामले में अनुसंधान जारी है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार हरपाल सिंह राजस्थान अफीम तस्करों के सम्पर्क में रहकर अवैध व्यापार करता है।

### हटिया स्टेशन के बाहर हथियार की बिक्री के लिए आए दो अपराधी गिरफ्तार, फर्जी लाईसेंस बरामद




**रांची ।** पुलिस ने हटिया रेलवे स्टेशन के बाहर से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से बैग में हथियार एवं गोली बरामद किया गया है।बताया गया कि मंगलवार (23 अप्रैल) की सुबह करीब 7 बजे सुबह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बैग में हथियार एवं गोली लेकर ब्रिकी हेतु घूमने की सूचना मिली थी। एसएसपी के आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की गई। हटिया रेलवे स्टेशन के पास से दो व्यक्ति के पास से एक 12 बोर की एक बन्दूक जिस पर 'take a walk to the mountain Expedition' लिखा और पांच जिन्दा गोली, फर्जी हथियार का लाईसेंस भी बरामद किया है। लाईसेंस लखनऊ तथा गया का बना हुआ है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की पहचान गुजराल कुमार सिंह एवं गुड्डू के रूप में हुई है । दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में

बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे।

चुनाव आयोग 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं को युवा मतदाता मानती है इसके तहत यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इन चार संसदीय क्षेत्र में इस उम्र आयु वर्ग में 19 लाख और 38 हजार 241 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार प्रत्येक मतदाता का वोट एक समान है मगर चुनाव के दरमियान यह देखा जाता है कि युवा वोटिंग के प्रति काफी उत्सुक रहते हैं वह न केवल खुद बल्कि परिवार के बुजुर्ग मतदाता को भी मतदान केंद्र पर लाने में सहायक होते हैं। ऐसे में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन चारों संसदीय क्षेत्र में 18 से 29 आयु वर्ग में सबसे अधिक 7 लाख 11 हजार 270 मतदाता पलामू क्षेत्र में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र है, जहां चार लाख 30 हजार 823 युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरने के बाद स्क्रूटनी एवं नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मई को इन चारों संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ ने एक व्यक्ति के पास शराब जब्त किया

बिभा संवाददाता

**रांची :** ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट रांची साथ में फ्लाइंग टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशन चेकिंग दौरान एक संदिग्ध व्यक्ती भारी बैग के साथ प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर टहलते मिला, संदेह होने पर पूछताछ में उसने अपना नाम जीवन साह उम्र 41 वर्ष पता राजखंड, मुजफ्फरपुर बिहार बताया तथा उसका बैग की तलाशी लेने पर उसके अंदर बारह शराब की बोतलें मिली जिसके बारे मे उक्त व्यक्ती ने कोई संतोषप्रद उत्तर नहीं देकर उसे बिहार ले जाकर ऊँचे कीमत पर बेचना कबुल किया' बाद मे



सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर द्वारा बारह शराब की बोतलें कीमत 8000 रुपये को जब्त कर व्यक्ती को गिरफ्तार किया गया जिसे अगले दिन उक्त व्यक्ती को आबकारी विभाग को सुपुर्द किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयन्ती का आयोजन

**रामगढ़ः** नईसराय में वीर कुंवर सिंह चौक पर उनकी जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़, के छात्र-छात्राओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। कक्षा आठवीं के छात्रों ने उनके व्यक्तिगत जीवन से संबंधित तथ्यों पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ तिथियों का विशेष महत्व है उसमें से एक तिथि 23 अप्रैल है। सन 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुनः स्वतंत्र किया था। इसलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने बच्चों को वीर कुंवर सिंह के जीवन से शिक्षा लेने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोरंजन चौधरी, विक्रम सिंह, उषा सिंह, प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी एवं अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ इंडिया पतरातू में चोरी का प्रयास करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रामगढ़ :** एसपी द्वारा गठित टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खँगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जिसमें कामयाबी मिली। जिला के पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में पिछले 15 अप्रैल की रात को चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया' चोरों ने बैंक के खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया था' इस संबंध में पतरातू थाना में एक प्राथमिक की दर्ज की गई थी' इस सूचना पर जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम का गठन किया गया था' एसपी द्वारा गठित टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खँगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया' पुलिस ने छापामारी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया ' पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति वीरेंद्र साहू पिता रघुनाथ साहू थाना पतरातू जिला रामगढ़ ने उक्त घटना में अपनी संलिपिता को स्वीकार कर लिया' पुलिस ने बताए गए निशान देही पर बैंक में प्रयुक्त किए गए लोहे का सबल को बरामद कर लिया' गिरफ्तार वीरेंद्र साहू को पुलिस ने जेल भेज दिया है' वीरेंद्र साहू को गिरफ्तार करने में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,शिव कछप, प्रदीप रजक एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### हेल्पिंग हैंड्स चास द्वारा जरूरतमंदो का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया



**बोकारो :** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई द्वारा पेटरवार निवासी सोनी देवी का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन संजीव नेत्रालय में डॉ आतिश प्रधान के सहयोग से संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारका जी के कहने पर किया गया ' महिला के दोनों आंखों में मोतियाबिंद था महिला सोना देवी पैसे के अभाव में अपने आंखों का ऑपरेशन नहीं कर पा रही थी ' जिसके चलते महिला की दोनों आंखों से देखना बंद हो गया था ' संस्था को जब पता चला तो डॉक्टर अनुपमा कुमारी से महिला सोना देवी की आंख का जांच कराया गया आंख जांच करने के बाद पता चला कि महिला की एक आंख नष्ट हो गई है यदि जल्द ही दूसरी आंखों का ऑपरेशन नहीं किया गया तो दूसरी आंखों की भी रोशनी लौटने की संभावना नहीं रहेगी ऐसे क्रिटिकल केस में ऑपरेशन के लिए नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपिका सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने उस महिला का ऑपरेशन सीनियर नेत्र सर्जन जो कैटरेट का ऑपरेशन करते हैं वही डॉक्टर इस महिला का ऑपरेशन कर सकते हैं तत्पश्चाप डॉक्टर दीपिका सिंह ने सिनियर नेत्र सर्जन दो आतिश प्रधान से संपर्क साधा एवं मरीज के आंख का तुरंत ऑपरेशन की व्यवस्था की ' फिर महिला का ऑपरेशन सफलतापूर्वक डॉक्टर प्रधान एवं उनकी टीम द्वारा 21 4.24 को किया गया ' ऑपरेशन के पश्चात महिला की आंख की रोशनी करीब 50% लौट आई है डॉ प्रधान ने कहा कि महिला की आंख की रोशनी 6 7 दिनों में कुछ और बढ़ने की संभावना है ' संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारका ने कहा कि मेडिकल के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है लेकिन गरीब तबके तक इसकी सुविधा नहीं पहुंच पाती है जिसके कारण गरीब तबके अपनी आंखों का ऑपरेशन नहीं कर पाते हैं ऐसे में उनकी आंखों की रोशनी चली जाती है ' सांसद एवं विधायक जनप्रतिनिधियों को सिर्फ अपने वोट से मतलब रह जाता है ' महिला की आंख की रोशनी लौटने पर प्रवक्ता संजय सोनी ने सभी डॉक्टरों को बधाई दी ' मौके पर अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने बैंक परिसर में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा मंगलवार को मुस्कान अस्पताल एवं यूनियन बैंक, मुख्य शाखा, सेक्टर 4 के सहयोग एवं सौजन्य से यूनियन बैंक परिसर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिस में श्एक चम्मच कम, एक कदम आगे, अपना नंबर जानेंश नामक कार्यक्रम के अंर्तगत लगभग ७८ लोगों के वजन, ऊंचाई, बी पी, शुगर इत्यादि की जांच की गई। सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया गया। सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम नियमित जांच और स्वच्छ आचरण द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। शिविर के अंत में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक श्री सतीश कुमार लाल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और शिविर के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्कान अस्पताल के निदेशक डाक्टर एस सी मुंशी के साथ उनकी पूरी टीम ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस टीम में शामिल मुस्कान अस्पताल के डॉक्टर विनोद कुमार, अनुरंजन कुमार, संतोष कुमार और पूजा भंडारी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ साथ बैंक के कनिष्ठ कर्मचारियों ने भी इस शिविर के सफल आयोजन में महत्ती भूमिका निभाई। रोटरी क्लब से क्लब सचिव रोटेरियन महेश गुप्ता, डा. अनिल त्रेहान, रो० श्री घनश्याम दास, रो० प्रदीप नारायण रो० अशोक तनेजा, रो० अशोक जैन, रो० संजय जैन, रो० अशोक केडिया, रो० खोनेन लिउ, रो० अलका गुप्ता, रो० ललिता अग्रवाल, सुनीता जैन इत्यादि सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# गांव में छुप कर रहे थे साइबर क्राइम, पुलिस के हत्थे चढ़े छह अपराधी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो पुलिस ने देवघर से बोकारो आकर साइबर क्राइम करने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार किया. बताया जाता है कि पुलिस तकनीकी शाखा बोकारो को कुछ साइबर क्राईम से संबंधित संदिग्ध मोबाईल नम्बर की जानकारी मिली थी. जिसका सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया. विशेष गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, संदिग्ध मोबाईल नम्बर के लोकेशन के आधार पर चिरा चास थाना अन्तर्गत सोलागिडीह गांव स्थित एक मकान में छापामारी की. जहां से कुल 6 साइबर अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों के पास से साइबर क्राइम में उपयोग किये जाने वाले मोबाईल नम्बर को जाम किया गया है. इस संबंध में चीरा चास थाना विभिन्न कांड संख्या में जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार किए गए अपराधियों देवघर जिला अंतर्गत पर्वतपुर, पोस्ट मथुरापुर, थाना जसीडीह निवासी 33 वर्षीय मो० राजा असारी, देवघर जिला अंतर्गत धाड़ी, पोस्ट ब्रहमशोली थाना चित्रा निवासी 25 वर्षीय रहमान अंसारी, देवघर जिला अंतर्गत थाना सरवा थाना, पोस्ट मनीगढ़ी, ग्राम जियाखडा निवासी 21 वर्षीय मो० जियाउल अंसारी, देवघर जिला के रघुनाथपुर, थाना खागा, पोस्ट आसन निवासी 34 सबीर अंसारी, 30 वर्षीय इसराईल अँसारी तथा 27 वर्षीय समशाद अंसारी शामिल है. गिरफ्तार युवकों के पास से 12 एन्ड्रायड मोबाइल, एक एसर कंपनी का लैपटॉप तथा एक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम कार्ड बरामद किया गया है. छापेमारी दल में सम्मिलित पु०अ०नि० चंदन कुमार दुबे, चिरा चास थाना प्रभारी, पंकज कुमार जायसवाल, तकनी की शाखा, आरक्षी मनोज कुमार, तकनीकी शाखा, कामेश्वर महतो, तकनीकी शाखा, हव० नागेन हासंदा, चिरा चांस थाना रिजर्व गार्ड, इरसाद अंसारी, चिरा चारा थाना रिजर्व गार्ड, वीर बहादुर सिंह, चिरा चास थाना रिजय गार्ड, पिन्टू कुमार शाही, चिरा चास थाना, जाकिर हुसैन, चिरा चास थाना शामिल थे.

## भू माफियाओं के लिए काम करने वाला युवक लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ़्तार

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** कोपरेटिव कॉलोनी निवासी प्रिंस कुमार गुप्ता उर्फ भाटिया को चास थाना पुलिस ने एक लोडेड देशी कट्टा तथा दो गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गई. कि पुलिस को सूचना मिली की उक्त व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ चास चंद्रा टॉकीज के निकट किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से खड़ा है. सूचना पर चास एसडीपीओ के निर्देश पर थाना इंस्पेक्टर सह प्रभारी खुर्शीद आलम के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार, संदीप कुमार सशस्त्र बल के साथ टीम गठित किया गया. त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रिंस कुमार गुप्ता को पकड़ लिया गया. इस दौरान उसके पास से लोडेड देसी कट्टा, 315 की दो गोली तथा एक मोबाइल बरामद हुआ.

पुलिस ने बताया कि 26 मार्च 2024 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चास ब्लाक के पीछे कुछ अपराधी किस्म के लोग हथियार के साथ इकट्ठा हुए हैं. इस दौरान पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर चास थाना क्षेत्र अंतर्गत बंशीडीह निवासी श्याम सिंह को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था. इस दौरान मौके पर मौजूद प्रिंस भागने में सफल रहा था.

#### भू-माफियाओं के इशारे पर जमीन पर दखल दिलाने का करता है काम

चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रिंस कुमार गुप्ता और पूर्व में गिरफ्तार उसका साथी श्याम भू-माफियाओं के लिए काम करता है. जमीन दखल दिलाने के एवज में भू-माफिया इन्हें अच्छी खासी रकम देते हैं. इनका काम दहशत फैला कर जमीन पर कब्जा दिलाया होता है. आरोपी बीएस सिटी थाना, चास थाना, चास मुफस्सिल थाना, सियालजोरी थाना तथा जीआरपी थाना के की मामलों में नामजद है. कहा कि इन आरोपियों के पीछे कौन-कौन भू- माफिया है. इसकी भी जांच की जा रही है, जो भी है सभी पर विधि सम्मत कार्रवाई अवश्य होगी.

## 35 दिनों से लापता युवक का शव बोकारो रेलवे यार्ड ड्रेन से हुआ बरामद

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो रेलवे स्टेशन से कुछ दिन पूर्व एक युवक का अपहरण का मामला सामने आया था। मां के द्वारा 24 मार्च को अपने पुत्र सन्नी रंजन घोषाल के गुमशुदगी एवं अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अपहरण का रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मृतक मूल रूप से बिहार के भागलपुर का रहने वाला था जो जेपीएससी की परीक्षा देने के लिए 17 मार्च को अपने घर से बोकारो आया था जिसका परीक्षा केंद्र पेटरवार हाई स्कूल में था परीक्षा देने के उपरांत वह अपने दोस्तों के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंचा और फिर अपने दोस्त को मौर्य एक्सप्रेस में चढ़कर स्टेशन से बाहर निकाल लेकिन वह अपने घर वापस भागलपुर नहीं पहुंचा मां ने बताया कि मृतक से परीक्षा के बाद फोन पर बात हुई थी उसे दरमियां वह सुबह वापस घर लौटने का बात कर रहा था लेकिन बातचीत से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह किसी तनाव में है इसी कारण कई बार फोन किया लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। बेटे के न पहुंचने पर एवं अनहोनी के डर से मां ने बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंच जीआरपी थाना में मृतक सनी रंजन घोषाल की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थाना प्रभारी संतकोश कुमार सिंह जब सीसीटीवी कैमरा में मृतक की खोज की तो पाया कि वह युवक घटना वाले दिन रेलवे स्टेशन पर देखा गया था।

मृतक की मां बिहार के मधुबनी के कलुआही थाना में एसआई के पद पर पदस्थापित है।

जीआरपी द्वारा खोजबीन के 38 दिनो बाद मृतक को बोकारो रेलवे स्टेशन के आउट यार्ड से ड्रेन के समीप एक अज्ञात सब मिला जैक उपरांत पता चला कि अज्ञात सब खोया हुआ सनी रंजन घोषाल का है सीआरपीएफ में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई वही मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## डीएवी सेक्टर-6 में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में कक्षा 11वीं के नए सत्र की शुरूआत के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कक्षा 11वीं के नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं, अभिभावकों सहित विभिन्न संकाय के शिक्षकगण उपस्थित थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से हुआ ।स्वागत गान झूमा चक्रवर्ती व अखिलेश कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति विशेष रुप से क्लास रूम स्टडी के प्रति खुद को गंभीर बनाना होगा ।शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना ही जरूरी नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना है । इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए सत्र 2024-25 के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अभिभावक को विशेष जानकारी प्रदान कराना, नए छात्र-छात्राओं को नए परिवेश से परिचित कराना है।मंच संचालन नेहा तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका जाहन्वी बनर्जी ने किया ।

## अनुसूचित जाति के राष्ट्रिय आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना सकरात्मक विचार के व्यक्ति : शम्भु कुमार



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** सेल एससी - एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन, बोकारो यूनिट का प्रतिनिधिमंडल शम्भु कुमार अध्यक्ष और करतार सामंत महासचिव ने सेल फेडरेशन केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष गोरंगों मण्डल के नेतृत्व अनुसूचित जाति के राष्ट्रिय आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में बैठक किया।

सेल एससी - एसटी कर्मचारियों के मामलों पऱ विस्तार से चर्चा किया गया कयह भी बताया गया कि सेल के यूनिट में एससी - एसटी कर्मचारियों की समस्यों को प्रबंधन गम्भीरता से नहीं लेती क कर्मचारी प्रबंधन के विभिन्न स्तर पर आवेदन पर आवेदन लिखते रहते हैं पऱ उनके समस्यों का कोई समाधान नहीं निकालता कयह सुनकर किशोर मकवानाजी ने कहा कि जिन कर्मचारियों का समस्यों का समाधान नहीं होता वह फेडेरेशन के द्वारा अपनी आवेदन राष्ट्रिय आयोग को दे सकते हैं ' उनके समस्यों पर राष्ट्रिय आयोग द्वारा विधीवत अविलंब कार्यवाही की जायेगी और दोषियों पर कार्यवाही भी की जायेंगी क साथ ही फेडेरेशन यह सलाह दिया कि सेल प्रबंधन के साथ समन्वय बनाकर काम करे।

इस बैठक में केन्द्रीय कमिटी के उपाध्यक्ष गौतम दास (बर्णपुर), कोमल प्रसाद और अनिल खेलवार (भिलाई), महासचिव श्रीनिवास (भद्रावती), कोषाध्यक्ष सुंदर कृष्णन उपकोषाध्यक्ष नारायण मंडी, उपसचिव भगबन शेट्टी (राऊरकेला), रंजय पासवान (चास नाला), काशीनाथ मराण्डी (बर्णपुर), सहित सेल के सभी 16 यूनिट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह मनाया गया

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति ,बोकारो के द्वारा सेक्टर 04 ,वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल पर मनाया गया । आगंतुक का स्वागत उदय प्रताप सिंह ने किया । जबकि अध्यक्षता समारोह समिति क अध्यक्ष राश नारायण सिंह एवं संचालन राजेश्वर सिंह व अतुल सिंह ने किया । मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने इस अवसर पर कहा की देश की स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों के कुबार्नी दी ।अंग्रेजों को चुनौती देना कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था ,जिसके साम्राज्य में सुरज कभी अस्त नहीं होता था ,उस समय 80 वर्ष की उम्र में बाबू साहब ने अंग्रेजों को चुनौती दी । आज हम सभी लोग सुरक्षित हैं तो बाबू कुंवर सिंह जैसे लोगों के कारण ही हैं । रानी लक्ष्मी बाई , मेदनी राय ,मंगल पांडे ,सिद्धू कंदू जैसे लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह के साथ राष्ट्रीयता से प्रेरित होकर अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन किया। जिससे मिलें प्रेरणा से आने वाली पीढ़ी ने देश को आजादी दिलाने का काम किया।अगर हम बाबू कुंवर सिंह जैसे लोगों को भूलेंगे तो ,आने वाली पीढ़ियां साहस और बलिदान जैसे शब्दों को भी भूल जायेगी । बाबू कुंवर सिंह कल भी हमारे लिए प्रेरणा थे ,आज भी हैं और कल भी रहेंगे ।बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा की बाबू कुंवर सिंह को आने वाली पीढ़ियां जाने इसके लिए उनके जीवनी को नई पीढ़ी जाने इसके लिए पाठयक्रमों के साथ साथ लोक गीतों से भी लोग जानते हैं । बोकारो विधायक विरिंची नारायण ने कहा की देश बाबू साहेब जैसे राष्टवादियों और रणबांकुरों का सदा आभारी रहेगा ।इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी अपना संबोधन किया,जिसमें उन्होंने कहा की भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में लोकगीतों में उत्सव पर गायन में बाबू साहब आज भी है और आने वाले हजारों सालों तक जनमानस के दिल में रहेगें ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बुद्ध नारायण यादव, केदारनाथ सिंह , धनबाद क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अरुण सिंह जी,रविंद्र सिंह,संत कुमार सिंह, परिंदा सिंह, पी एन पांडे,उदय प्रताप सिंह,सुख नंदन सिंह सदय,बिनोद सिन्हा,अभिषेक सिंह,दिलीप श्रीवास्तव,ऋतुरानी सिंह,मिर्गेंद्र प्रताप सिंह,अभिषेक सिंह, , देवेंद्र कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, , संतोष सिंह विधायक, रामजी सिंह, सुबोध कुमार सिंह, उदय सिंह, लाखन सिंह ,विद्यासागर सिंह ,सुमित राठौड़,दिलीप ठाकुर,अनिल सिंह,नागेंद्र पूरी, ए के वर्मा ,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, चल रहें निर्माण कार्यों का लिया जायजा

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर *सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो श्री अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो श्री वी एन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा,संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्री महादेव महतो, अंचलाधिकारी श्री प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान *पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुरूप चाहरदिवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में डीडीसी ने सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल,सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा,रहावन एवं पंचमों के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया।इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र परिसर की साफ सफाई,बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरूस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निमार्णाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चाहरदिवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिचागुटू रांगरोंग सड़क से 210 किलो डोडा बरामद



खूँटी । जब लोग सो जाते हैं तब पुलिस अपना ड्यूटी करते हुए क्राईम कंट्रोल करने क्षेत्र पर निकल जाती है। वहीं खूंटी जिस प्रकार अफीम कि गढ़ बन गया है पुलिस भी ग्रामीण इलाकों से छापामारी करते हुए जंगली व झाड़ीदार क्षेत्र से भारी मात्रा में डोडा व अफीम बरामद करती है। इसी क्रम में विगत 20 अप्रैल को मारंगहादा थाना क्षेत्र में अफीम व डोडा की छापामारी के लिए रात को पुलिस एसएसबी के सहयोग से निकली। जैसा कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन छापामारी करने निकलते हैं। इसी क्रम में दो बजे आदी रात को ग्राम- बिचागुटु से रांगरोंग जाने वाली सड़क से दक्षिण - पूरब कोण दिशा में बीच जंगल में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अवैध डोडा के व्यापार के उद्देश्य से प्लास्टिक के बोरा में पैक कर बीच जंगल में छुपाकर रखने की प्राप्त सूचना से पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर गठित छापामारी दल के द्वारा तात्कालिक कार्रवाई करते हुये ग्राम - बिचागुटु से रांगरोंग जाने वाली सड़क से दक्षिण - पूरब कोण दिशा में बीच जंगल में अवैध डोडा 210 कि0ग्रा0 को जप्त किया गया। इस संबंध में मारंगहादा थाना काण्ड सं0- 16/2024, दिनांक 20.04.2024 धारा- 15(C)/22/25 NDPS Act 1985 दर्ज किया गया है । इस छापामारी दल में मारंगहादा थाना प्रभारी पु०अ०नि० शंकर कुमार विश्वकर्मा, थाना प्रभारी, एसएसबी 26वीं बटा. के निरीक्षक मृत्युन्जय कुमार, स०अ०नि० कृष्णकांत मेहता व मारंगहादा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### चिचिगड़ा जंगली क्षेत्र से पुलिस ने किया 304.5 कि0ग्रा0 अवैध डोडा जप्त



खूँटी । जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिचिगड़ा के जंगल साईड में विगत 20 अप्रैल को भारी मात्रा में मुरहू पुलिस को डोडा बरामद हुआ था। जिसकी जानकारी देते हुए विज्ञप्ति जारी कर खूँटी डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि मुरहू हेठगोवा निवासी विपिन मुण्डू उर्फ मुण्डा एवं उनके सहयोगियों के द्वारा अवैध डोडा का व्यापार के उद्देश्य से प्लास्टिक के बोरा में पैक कर अलग-अलग जगहों में झाड़ी में छुपाकर रखे थे। विज्ञप्ति के अनुसार, उक्त सूचना का सनहा दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया व वरीय पदाधिकारी के निदेशानुसार उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा तत्कालिक कार्रवाई करते हुए ग्राम- चिचिगड़ा के जंगल क्षेत्र के पूरब करीब 10 कि०मी० दूरी के आस-पास के क्षेत्र में अवैध डोडा 304.5 कि0ग्रा0 को जप्त किया गया। इस संबंध में मुरहू थाना कांड सं0-34/24, दिनांक- 22.04.2024 धारा- 15 (c)/22/25 NDPS Act. 1985 दर्ज किया गया।

### महाआरती के साथ विहिप ने मनाया हनुमान जयंती



खूँटी । हनुमान जयंती के मौके पर भगत सिंह चौक में मंगलवार को विहिप कार्यकताओं द्वारा महा आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। वहीं मंदिर को सजाया गया और विधि-विधान के साथ पूजा पाठ किया गया। साथ ही, श्रीराम भक्त हनुमान जी की आरती गायी गई। वहीं लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। हालांकि विहिप कार्यकताओं द्वारा नगर में शोभायात्रा निकालने की योजना थी पर, आचार संहिता व प्रत्याशी नामांकन व रोड शो के साथ भाजपा व कांग्रेस का जनसभा के कारण खूँटी में हुई भीड़-भाड़ के चलते कार्यक्रम नहीं हो पाया। लेकिन जनमानस श्रद्धालु जनों के साथ मिलकर भगतसिंह चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा पाठ व आरती की गयी। इस मौके पर, विहिप अध्यक्ष विनोद जायसवाल, मुकेश जायसवाल, विकास मिश्रा, रोहित कुमार, प्रकाश अधिकारी अभिषेक कुमार, ओमप्रकाश कश्यप सहित काफी संख्या में विहिप बजरंगदल व आम भक्तजन उपस्थित थे।

### विहिप कार्यकताओं ने रोड शो में अर्जुन मुंडा का किया स्वागत



खूँटी । भाजपा का रोड शो में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने सड़क पर केंद्रीय मंत्री सह खूँटी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को स्वागत किया गया। इस दौरान विनोद जायसवाल की अगुवाई में विहिप के जिलाधिकारियों द्वारा उन्हें अंगवस्त्र देकर अभिनन्दन व स्वागत किया। मौके पर, अर्जुन मुंडा का स्वागत करते हुए विनोद जायसवाल ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी निकली जिसके कृत्य के कारण देश कि नाज बढ़ा है। जहाँ एक ओर विज्ञान और आर्थिक रुप से सबलता आयी है तो दूसरी ओर श्रीराम मंदिर निर्माण कराने में भूमिका निर्वहन करना यह गौरव की बात है?। इस टीम का एक सांसद खूँटी का भी हो और खूँटी का विकास करे। खूँटी का सांसद पीछे बैठने वाला नहीं बल्कि देश को गौरवान्वित कर विकास करनेवाला जनप्रतिनिधि भेजना है। इस दौरान लोगों ने मंगल कामना करते हुए पुनः एक बार खूँटी लोक सभा से विजय होने की बात कही। इस मौके पर, विहिप अध्यक्ष विनोद जायसवाल, मुकेश जायसवाल, विकास मिश्रा, रोहित कुमार, प्रकाश अधिकारी अभिषेक कुमार, ओमप्रकाश कश्यप सहित काफी संख्या में विहिप बजरंग दल के कई लोग थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा ने किया नोमिनेशन

बिभा संवाददाता



खूँटी । महा गठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को पर्चा दाखिल किया। इसके पूर्व कालीचरण मुण्डा मंगलवार सुबह को ही दिवड़ी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की और विजय पाने का आशिर्वाद मांगा। इसके पश्चात खूँटी में महागठबंधन की ओर से चुनावी पर्चा भरा। वहीं कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नाम महागठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी के नाम पर्चा जमा किया। जिसमें कांग्रेस के झारखंड प्रभारी जीए मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, तमाड़ विधायक विकास मुण्डा समेत कांग्रेस व जेएमएम के नेता साथ थे। साथ ही, डाक-बंगला रोड स्थित कॉपरेटिव बैंक परिसर में जनसभा किया गया। इस जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन उपस्थित हुए। इस जनसभा को सम्बोधित करते हुए चम्पई सोरेन ने महागठबंधन के पक्ष में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा को वोट करने के लिए आवाहन किया। मौके पर, झारखण्ड प्रभारी जी ए मीर व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर करने भी अपने पार्टी कि मेनिफेस्टो के आधार जनता के विकास का आधार गिनाया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा ने कहा कि यहाँ कोई विकास नहीं हुआ है। विकास करने के नाम पर छलावा किया गया है। भाजपा डर गयी है इसलिए ईडी सीबीआई का दुरुपयोग करने में लगी हुई है। इस जनसभा में खूँटी तोरपा तमाड़ आदि विधानसभा क्षे से हजारों महागठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक पहुँचे थे।

# अर्जुन मुंडा ने नामांकन पर्चा भरने के बाद दिखाया जनबल

बिभा संवाददाता



खूँटी । लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण में होनेवाले खूँटी का चुनाव में लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल कराने में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो व पद्मभूषण कड़िया मुण्डा शामिल थे। वहीं अर्जुन मुंडा के अधिवक्ता लाल रुपेंद्र नाथ शाहदेव ने उम्मीदवारी नामांकन कराया।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उम्मीदवार नामांकन पर्चा दाखिल करने से पूर्व उन्होंने अपने धर्मपत्नी व सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं के संग जाकर सोनमेर मंदिर, कर्रा और मुरहू स्थित आम्रेश्वर धाम में पूजा अर्चना की व विजय प्राप्त करने का आशिर्वाद लिया। तदोपरांत अर्जुन मुंडा के साथ जत्था में भाजपा कार्यकर्ता खूँटी पहुँचे।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में अर्जुन मुंडा का नामांकन होने के बाद भाजपा कार्यकताओं ने विशाल रोड शो किया। जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में पार्टी झंडा लिये कचहरी मैदान से लेकर पतरा मैदान तक विशाल रोड शो किया। वहीं कड़ी धूप में लोग काफी उत्साहित दिखे।

### जिलास्तरीय सरहूल मिलन समारोह का आयोजन, अर्जुन मुंडा ढोल बजाया वहीं मीरा मुण्डा महिलाओं संग नाची

# सरहूल प्रकृति के प्रति खुशहाली का पर्व है : अर्जुन मुंडा





बिभा संवाददाता

खूँटी । अखिल भारतीय सरना समाज की अगुवाई में मंगलवार को जिलास्तरीय सरहूल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूर अखड़ा से हर्षोल्लास के साथ शहर में शोभायात्रा निकाला गया। इसके पूर्व जदूर अखड़ा में स्थानीय पाहनों द्वारा सखुआ डाली गाड़कर पूजा पाठ किया गया। और ईश्वर से मंगलकामना की गयी। तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों के साथ नाच गान किया गया। मौके पर , सरहूल के गीत गाये गये। वहीं सरहूल के मौके पर महिलाएँ व युवतियाँ जनजातीय एकरुपता परिधान पहनती थी तो दूसरी ओर पुरुष धोती कुर्ता पहने हुए थे। हजारों की संख्या में गाजे-बाजे के साथ सरना समाज के लोग पतरा मैदान पहुँचे। जहाँ अर्जुन मुण्डा व उनकी पत्नी मीरा मुण्डा भी सरहूल महोत्सव में शामिल हुए। मौके पर अर्जुन मुण्डा ने कहा कि सरहूल पर्व प्रकृति को नमन करते हुए उल्लास व खुशी का पर्व है। जिसमें हम आदिवासी नाच-गान करके खुशी मनाते हैं। मौके पर, अर्जुन मुण्डा ने ढोल बजाकर गीतों को ताल दिया। वहीं महिलाओं की समूह में मीरा मुण्डा ने भी नाचते हुए लोगों के साथ सरहूल का आनन्द ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभा सरना समाज के अध्यक्ष भीमसिंह मुण्डा, लीलू पाहन, छोटराय मुण्डा, जगन्नाथ मुण्डा, सुदर्शन भोगता, लक्ष्मी बाखला, रुक्मिला सारु, राधा मुंडू आदि आयोजन समिति के सभी लोग उपस्थित थे।

## चलता ट्रेलर में तकनिकी खराबी के कारण आग लगने से हुआ राख



बिभा संवाददाता

रनिया । खूँटी सिमडेगा का मुख्य पथ पर रनिया थाना क्षेत्र के मरचा करोडा में मंगलवार की सुबह अचानक सरिया लदा ट्रेलर में आग लग गया। देखते ही देखते ट्रेलर का अगला हिस्सा जलकर राख हो गया.ट्रेलर का चालक बिहार के शेखपुरा जिला अंतर्गत रामपुर निवासी शाहजहां खान के द्वारा पूरे घटना को लेकर बताया गया कि ट्रेलर की बाई ओर से इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। इसके बाद वाहन का स्विच ऑफ करते ही चालक मौके से वाहन से उतरकर अपना जान बचाई।चालक के मुताबिक वाहन का कागजात भी जलकर राख हो गया। ट्रेलर का चालक जमशेदपुर से महाराष्ट्र के नागपुर सरिया लेकर जा रहा था। वाहन में आग लगने की जानकारी पर जुटी स्थानीय ग्रामीण व राहगीरों के द्वारा अग्निशमन को मामले की जानकारी दी गई अग्निशमन के पहुँचते ही वाहन पूरी तरह से जल चुकी थी।घटना की जानकारी पर रनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जाँच शुरू कर दिया है।

# नई दिल्ली, पुणे, रतलाम एवं वलसाड के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

बिभा संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

3. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

4. गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

5. गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशल : गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 08.00 बजे खुलकर 16.30 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते 26.04.2024 को 23.50 बजे पालधी पहुंचेगी ।

6. गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशल : गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 12.00 बजे खुलकर 17.20 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 26.04.2024 को 21.00 बजे रतलाम पहुंचेगी ।

7. गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशल : गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को आसनसोल से 08.00 बजे खुलकर 15.25 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-भोपाल- इटारसी-भुसवाल के रास्ते 28.04.2024 को 04.15 बजे वलसाड पहुंचेगी ।

8. गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल : गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर 25.04.2024 को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी ।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी

बिभा संवाददाता



खूँटी । भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में लोकसभा आम चुनाव के मद्येनजर बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में आज महिला मतदान कर्मी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में डिस्पेच सेंटर से लेकर रिसीविंग सेंटर तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गय। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम एवं परियोजना निदेशक आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण कार्य की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण कार्य में लगे मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने प्रशिक्षण में शामिल मतदान अधिकारी प्रथम से अपील करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण के दौरान चुनाव प्रक्रिया की तमाम बारीकियों को अच्छी तरह से समझ लें। किसी भी बिंदु पर संदेह की स्थिति में मास्टर ट्रेनरों से पूछ-ताछ कर अपनी शंका का समाधान कर लें।

आप सभी को निर्वाचन कार्य संबंधित सभी प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेना है ताकि त्रुटिरहित चुनाव कार्य संपन्न हो। इस दौरान उप विकास आयुक्त एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए द्वारा ईवीएम संचालन से लेकर मॉकपोल तक की पूरी प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर जानकारी ली गई। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराने के पश्चात ईवीएम, वीवीपैट का हैंडस आन कराया गया।

# आनंद विहार एवं कानपुर से पटना के लिए, कटिहार से आनंद विहार के लिए, पुरी से नई दिल्ली के लिए तथा सियालदह से वडोदरा के लिए 01-01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

बिभा संवाददाता



हाजीपुर : यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । इसी कड़ी में 05 जोड़ी और समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 04112/04111 कानपुर सेंट्रल-पटना-कानपुर सेंट्रल समर स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04112 कानपुर सेंट्रल-पटना समर स्पेशल कानपुर सेंट्रल से 24.04.2024 से 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 08.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04111 पटना-कानपुर सेंट्रल समर स्पेशल पटना से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 10.15 बजे खुलकर उसी दिन 22.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 04078/04077 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल आनंद विहार से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 16.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04077 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल पटना से 30.04.2024 से 25.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी के 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 12 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 05721/05722 कटिहार-आनंद विहार-कटिहार समर स्पेशल (बरौनी-हाजीपुर- सिवान-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 05721 कटिहार-आनंद विहार समर स्पेशल कटिहार से 24.04.2024 से 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 17.25 बजे खुलकर 21.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 18.50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05722 आनंद विहार-कटिहार समर स्पेशल आनंद विहार से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 23.25 बजे खुलकर शुक्रवार को 19.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए शनिवार को 01.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

4. गाड़ी सं. 08479/08480 पुरी-नई दिल्ली-पुरी समर स्पेशल (बोकारो-गोमो-गया-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 08479 पुरी-नई दिल्ली समर स्पेशल पुरी से 30.04.2024 से 25.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 08.45 बजे खुलकर बुधवार को 02.45 बजे गया रूकते हुए 18.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 08480 नई दिल्ली-पुरी समर स्पेशल नई दिल्ली से 01.05.2024 से 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 21.30 बजे खुलकर गुरूवार को 13.15 बजे गया रूकते हुए शुक्रवार को 07.45 बजे पुरी पहुंचेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी एवं तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 01-01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

5. गाड़ी सं. 03109/03110 सियालदह-वडोदरा-सियालदह समर स्पेशल (झाझा-पटना- डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 03109 सियालदह-वडोदरा समर स्पेशल पुरी से 23.04.2024 से 25.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 07.40 बजे खुलकर 16.50 बजे पटना जं. रूकते हुए बुधवार को 20.00 बजे वडोदरा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03110 वडोदरा-सियालदह समर स्पेशल वडोदरा से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 16.45 बजे खुलकर शुक्रवार को 17.00 बजे पटना जं. रूकते हुए शनिवार को 01.30 बजे सियालदह पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

### यात्रियों के लिए उपलब्ध है इकोनॉमी मील की सुविधा



**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों को किफायती दर पर भोजन (इकोनॉमी मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ये भोजन प्लेटफार्मों पर सामान्य श्रेणी के कोचों के निकट स्थित काउंटरों पर उपलब्ध कराया गया है ताकि यात्रियों को यह सुविधा बिना किसी परेशानी के आसानी से उपलब्ध हो सके । विदित हो कि देश भर के 100 रेलवे स्टेशनों पर लगभग 150 इकोनॉमी मील काउंटर उपलब्ध है । पिछले वर्ष लगभग 51 स्टेशनों पर इस सेवा की शुरूआत की गयी थी जिसमें विस्तार किया गया है । निकट भविष्य में और अधिक स्टेशनों को शामिल करते हुए इस पहल को और आगे बढ़ाने की योजना है । इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) की सुविधा पूर्व मध्य रेल के 20 प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध करायी गयी है तथा आवश्यकतानुसार अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी । भारतीय रेल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आई.आर.सी.टी.सी.) के साथ मिलकर यात्रियों, विशेषकर अनारक्षित कोचों में यात्रियों की सेवा के लिए एक नई पहल के साथ कदम बढ़ा रही है जिसमें किफायती दर पर 20 रूपए में इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) तथा 50 रूपए में स्नैक्स मील (कॉम्बो भोजन) उपलब्ध कराया जा रहा है ।

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए



वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।

राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है। चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पाएंगे अन्यथा सब व्यर्थ है। बहरहाल जैसा कि सात चरणों में होने वाले इस लोकसभा चुनाव में अभी 6 चरण बचे हैं, मेरी युवाओं व अन्य से अपील है कि वे अपने मत का गंभीरता समझें और वोट जरूर देने जाएं। देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

# ‘भवानी’ गलत तो ‘श्री राम’?

उद्धव ठाकरे की चुनाव आयोग से फिर ठन गई है। उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित चिह्न 'मशाल' की थीम सांग में 'भवानी' का उल्लेख हुआ है। आयोग इसे हिन्दू धर्म की देवी का पर्याय मानते हुए बदलने को कहा है। चुनाव में धार्मिक संज्ञाओं, प्रतीकों, नारों आदि के उल्लेखों की सिद्धांततः मनाही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अतः पार्टियों से अपेक्षा है कि वे किसी एक धर्म और उनके प्रतीकों के आधार पर प्रचार न करें। वोट न मांगें। इससे उस सर्वसाधारणता की भावनाओं की अवज्ञा हो जाती है, जिसका आदर संविधान का मूल अभिप्राय है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि 'भवानी' नाम महाराष्ट्र, जिसमें इसके सभी धर्मो-विासों के नागरिक रहते आए हैं, वह छत्रपति शिवाजी के बलिदानों की पावन कर्मभूमि है, जिन्होंने 'भवानी' का नाम लिया है। शिवाजी माने महाराष्ट्र। इन्हीं शिवाजी के नाम पर उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना, जो पिछले साल बंट गई थी, की बुनियाद रखी थी। वे इस शब्द को नहीं बदलेंगे। उद्धव का यह रवैया आयोग से रार मोल लेने जैसा लगता है। इसलिए भी कि आयोग और न्यायालय ने बाला साहेब के मताधिकार को छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया था। तब उन्होंने चुनावी भाषण में हिन्दू वर्चस्व के आधार पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत की थी। पर उद्धव का मामला इससे भिन्न है। उन्हें आयोग से शिकायत है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर्नाटक विधानसभा चुनाव एवं गृहमंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश चुनाव में क्रमशः बजरंगबली के नाम पर बटन दबाने एवं चुनाव बाद राम मंदिर के मुफ्त दर्शन के उल्लेखों पर आंखें मूंद लेता है। इस बाबत लिखे गए उनके शिकायती पत्र का जवाब तक नहीं देता है। क्यों? इसका जवाब दिए बगैर उद्धव के विरुद्ध कोई कार्रवाई क्या मुनासिब होगी? आयोग समथरे को दोषी नहीं मानता है तो वह समदर्शी कैसे हो सकता है? फिर चुनाव दर चुनाव में लग रहे ह्यजय.राम' के नारे को क्या कहा जाएगा? दरअसल, 'मशाल' गीत के बोल और उसका संदेश शिकायत की एक बड़ी वजह है। इसमें 'तानाशाही' को खत्म करने की बात कही जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह मूल शिवसेना की थीम सांग की तरह लोगों को उद्धव गुट की तरफ खींचेगा। जिन वगरे को यह गीत संबोधित है, उसके आधार की एकमात्र प्रवक्ता आज कोई और पार्टी हो गई है। नोटिस का यह भी एक कारण है-उद्धव को लगता है। इनके बावजूद उन्हें नोटिस का तर्कपूर्ण उत्तर देना चाहिए। आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए।

## चिंतन-मनन

# अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते।


इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते।

इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो!

इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है।

लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है।

# दलबदलू: हमको उनसे वफा की है उम्मीद ?



तनवीर जाफ़री

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी , जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही टछअ का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाकिफ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई जरुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फिलहाल कोई खास जरुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को पन्ना प्रमुख बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाजा करा दिया है।

दलबदलुओं खासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और खेल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुजारियां, इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहजाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नजर नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया। दरअसल इसमें जमीरफरोश नेताओं की गलती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की गलती ज्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है, फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने खुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज्जत, शोहरत, पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी कीमत लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता, अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफादार हो सकता है ? बकौल मिर्जा गालिब - हमको उनसे वफा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफा क्या है।

# माइक्रो प्लास्टिक : दिमाग पर घातक हमला



सुशील देव



कई वजहों हमारा पर्यावरण और वातावरण दूषित हो रहा है, जिसके हम किस्तों में शिकार बन रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदाथरे के कारण हम पहले से ही कई बीमारियों की जद में हैं, लगातार प्रदूषण के कारण हमारी सांसें उखड़ रही हैं तो आए दिन जलवायु परिवर्तन की वजहों से हमें अकल्पनीय विपत्तियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उस पर घातक व मारक माइक्रो प्लास्टिक ने हमें चिंता में डाल दिया है। प्लास्टिक के कण जाने-अनजाने में हमारी आंखों से होते हुए शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों तक पहुंच रहे हैं, जो हमारे दिमाग पर भी असर डालने लगा है। दिमाग तक असर डालने का मतलब मानव जाति के लिए प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण खतरनाक संदेश दे रहे हैं। इसलिए हमें इस खतरे को देखते हुए पहले ही चेत जाना चाहिए।

द यूनिर्वसटी ऑफ न्यू मैक्सिको एंड हेल्थ साइंसेज से जुड़े वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह दावा किया है कि माइक्रो प्लास्टिक ने हमें गहरे तौर पर अपने शिकंजे में ले लिया है, इससे छुटकारा पाने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थिति बहुत भयावह होने वाली है। अध्ययन के मुताबिक प्लास्टिक प्रदूषण के महीन कण भोजन, पानी और हवा में घुल चुके हैं जो न केवल हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि हमारे आंतों से होते हुए शरीर के अन्य अहम अंगों जैसे गुर्दा, लीवर और मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। दूसरा अध्ययन यह भी बताता है कि माइक्रो प्लास्टिक समुद्री जानवर और पौधों में भी पाए गए हैं। इतना ही नहीं, हम जिस बोतल बंद पानी को शान से शुद्धता की दुहाई देकर पीते हैं उनमें भी माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल रहे हैं।

यह बेहद महीन कण होते हैं जिसे हम नंगी आंखों से नहीं देख सकते, जो अत्यंत जहरीले और केमिकल की शक्ल में होते हैं। आज प्लास्टिक किसी न किसी रूप में घर-घर में घुस चुका है जिससे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। प्लास्टिक कप, थमोकौल, सजावट के समान, प्लास्टिक स्ट्रॉ, पैकेजिंग फिल्म, पीवीसी बैनर, गुब्बारे लगाने वाली प्लास्टिक की डांडिया, प्लास्टिक बैग, झंडा, टॉफी कैंडी के स्टिक, प्लास्टिक के बर्तन, शादी कार्ड, मिठाई के डब्बे, दवा की की बोतलें, बाल्टी आदि से लेकर सैकड़ों घरेलू वस्तुएं जो हमारे दैनिक जीवन व्यवहार में हैं, उनसे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। हालांकि सरकार और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प समय-समय पर सुझाए गए हैं। कई योजनाओं पर काम भी चल रहे हैं। मगर इसके खतरनाक परिणाम को लोग अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। मोटा-मोटी जूट बैग, प्लैटिनम, सिलिकॉन, स्टेनलेस स्टील, कांच, मिट्टी के बर्तन या चीनी मिट्टी के उत्पादों का इस्तेमाल करके हम इस खतरे से थोड़ा बच सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण वन्य जीवन और आमजन के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

यह प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और इससे निकलने वाले जहरीले रसायन भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं, जिससे घातक जानलेवा बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा की पहचान करने के लिए चूहों पर अध्ययन किया जिसमें पाया कि चूहे तो सिर्फ चार सप्ताह के लिए माइक्रो प्लास्टिक के संपर्क में आए थे तब उनमें कई तरह की खतरनाक बदलाव देखे गए। शोधकताओं ने इंसानी शरीर में जमा होते माइक्रो प्लास्टिक को लेकर गहरी चिंता जताई है क्योंकि धीरे-धीरे हमारे शरीर के अंगों से होते हुए अब यह इंसानी मस्तिष्क को प्रभावित करने लगा है।

सरकार इस समस्या के निदान के लिए कार्य तो कर रही है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई जो चिंताजनक है। गौरतलब है कि पूरे देश में एक जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक के 20 आइटमों को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली में इन आइटमों पर प्रतिबंध के बावजूद रोक अब तक प्रभावी नहीं दिखी है। अब दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी यानी डीपीसीसी ने इसके लिए एसओपी तैयार कर ली है। दिल्ली में लंबे वक्त से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगी हुई है। बार-बार अभियान चलाए जाने के बावजूद ये रोक असरदार साबित नहीं हुई है। बड़ी बात यह है कि इनका उत्पादन और बिक्री बंद नहीं हुई है। दिन-ब-दिन प्लास्टिक हमारे ईको-सिस्टम को बर्बाद कर रहा है। इसका संयुक्त भार प्रतिवर्ष करीब 300 मिलियन टन है जो जलमागरे और समुद्रों को अवरुद्ध कर रहा है, सड़कों को जाम कर रहा है, वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है।

भविष्य की भयावह स्थिति से निपटने के लिए राज्य और केंद्र सरकार को और चुस्त होने की आवश्यकता है। उन्हें जागरूकता के लिए कई स्तरों पर काम करना चाहिए। यदि स्कूली पाठ्यक्रम में बच्चों को शुरू से ही प्लास्टिक के दुगुर्णों के बारे में बताया जाए तो कुछ हद तक प्लास्टिक पर नियंत्रण की कोशिश सफल हो सकती है। स्कूलों के करिकुलर एक्टिविटीज में प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाना चाहिए। हफ्ते या महीने में प्लास्टिक पर परिचर्चा जागरूकता अभियान और कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर इस संकट को हल्के में न लेते हुए सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए।

फैशन के जलवे पूरी दुनिया में हैं और इसकी जो चमक-दमक दिखाई देती है, उसके पीछे कड़ी मेहनत होती है. फैशन डिजाइनर, फैशन जर्नलिस्ट से लेकर फैशन कोरियोग्राफर की भूमिका पर्दे के पीछे होती है, जो किसी को दिखाई नहीं देती. इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं.

# ग्लैमर से जुड़ा फैशन कोरियोग्राफर



अगर आपको फैशन और ग्लैमर वर्ल्ड पसंद है, साथ ही आप क्रिएटिव भी हैं तो फैशन कोरियोग्राफी आपके लिए उपयुक्त करियर ऑप्शन हो सकता है. फैशन कोरियोग्राफी को कैटवाक कोरियोग्राफी के नाम से भी जाना जाता है. इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए ढेरों अवसर मौजूद हैं. फैशन में करियर का मतलब यह नहीं कि आप केवल कपड़ों के डिजाइन और उससे संबंधित अन्य चीजों से डील करें बल्कि इसमें डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सेसरीज उत्पाद जैसे जूलरी, बैग्स, फुटवियर भी शामिल होते हैं. यह फैशन जगत का ठीक वैसा ही करियर ऑप्शन है जैसे कि फैशन फोटोग्राफी, फैशन जर्नलिज्म आदि. फैशन कोरियोग्राफर किसी भी डिजाइनर के सपने को सर्वश्रेष्ठ रूप में स्टेज पर उतारने का प्रयास करता है.

## फैशन कोरियोग्राफी

ये मॉडल्स द्वारा पहने गये कपड़ों को आकर्षक और पेशेवर रूप से दुनिया के सामने लाते हैं. फैशन कोरियोग्राफी में कई तरह के मूवमेंट पैटर्न होते हैं जिन्हें रैम्प पर चलते वक्त मॉडल्स संगीत की धुन के साथ फॉलो करती हैं. फैशन कोरियोग्राफर धुन, थीम और फैशन रनवे शोज को डिजाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. फैशन कोरियोग्राफर सामान्य तौर से शो का डायरेक्टर होता है. प्रोफेशनल और कमर्शियल रैम्प शोज, प्रोडक्ट लॉन्च जहां क्लाइंट स्टेज शोज करवाना चाहता है, फैशन वीक्स, जिनमें गारमेंन्ट का डिस्प्ले मुख्य फोकस होता है, के लिए फैशन कोरियोग्राफर्स की जरूरत पड़ती है.

## फीमेल्स के लिए उपयुक्त करियर

हालांकि यह लॉन्ग लर्निंग प्रोसेस है और एक बार इस क्षेत्र में प्रवेश के बाद हर पहलू पर बारीकी से रिसर्च करने के बाद अगले शो को ज्यादा बेहतर बनाने की तैयारी करनी पड़ती है. मुख्यत- यह फीमेल्स के लिए उपयुक्त करियर ऑप्शन है. योग्यता फैशन कोरियोग्राफर बनने के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय के साथ बारहवीं है.

इस क्षेत्र की आधारभूत आवश्यकता क्रिएटिव टैलेंट है. हालांकि इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए कोई खास कोर्स नहीं है. इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले कैंडीडेट चाहें तो अनुभवी फैशन कोरियोग्राफर को असिस्ट करके खुद को स्थापित कर सकते हैं. कौशल चूंकि यह क्रिएटिव करियर ऑप्शन है, इसलिए फैशन कोरियोग्राफर को क्रिएटिव होने के साथ ही रंगों और स्टाइल की बखूबी समझ भी जरूरी है. कोरियोग्राफर को व्यवहार कुशल, शांत और आत्मविश्वासी होना चाहिए. शो के दौरान किसी भी तरह की कठिन परिस्थिति से निपटने की क्षमता के साथ ही दबाव में और लंबे समय तक काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए.

## कॉरपोरेट इवेंट में भी फैशन शो

कार्य फैशन विस्तृत क्षेत्र है जिसमें अवसरों की भरमार है. डिजाइनर्स से लेकर फैशन ब्रांड्स तक अपने शो को हिट करवाने के लिए कैटवाक कोरियोग्राफर को हायर करते हैं. आज फैशन शो लगातार चलने वाला इवेंट बन गया है. यही वजह है कि इस क्षेत्र में फैशन कोरियोग्राफर के लिए संभावनाएं भी बढ़ी हैं.

कोई भी कॉलेज डे फैशन शो के बिना पूरा नहीं होता, यहां तक कि आजकल कॉरपोरेट इवेंट में भी फैशन शो का आयोजन होने लगा है. जब डिजाइनर अपने कलेक्शन और प्रेजेंटेशन के बारे में कोरियोग्राफर को बताता है तो यह कोरियोग्राफर का काम होता है कि वह शो की सफलता के लिए प्रत्येक चरण का प्लान बनाए. फैशन कोरियोग्राफर को शो के हर डीटेल जैसे एंबीयंस डेकोर, स्टेज और रैम्प डिजाइन, लाइटिंग इफेक्ट्स, ऑडियो विजुअल, म्यूजिक, मॉडल्स, मेकअप और हेयरस्टाइलिंग से लेकर सभी मॉडल्स द्वारा पहने जाने वाले आउटफिट्स तक पर ध्यान देना होता है. चाहे तो प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर को असिस्ट भी कर सकता है. इंडस्ट्री में एक्सपीरियंस और रेपुटेशन के साथ ही वह स्वतंत्र रूप से फ्रीलांसर के रूप में भी कार्य कर सकता है.

## तकनीक की शिक्षा

इसके अलावा, फैशन कोरियोग्राफर के पास स्कूल शुरू करने का भी ऑप्शन होता है जहां वह इस क्षेत्र से जुड़ी तकनीक की शिक्षा दे सकता है. डिजाइनर्स के साथ- साथ ब्रांड आइटम्स के डीलर्स भी अपने प्रोडक्ट के प्रदर्शन के लिए फैशन कोरियोग्राफर को हायर करते हैं. मॉडलिंग कंपनी भी ज्वाइन कर सकते हैं जहां पर मॉडल्स को कैट वाकिंग सिखा सकते हैं. कमाई इस क्षेत्र में आय कौशल और अनुभव के आधार पर अलग-अलग है.

जिन कोरियोग्राफर के पास नियमित कस्टमर्स होते हैं उनकी आमदनी बढ़िया होती है. अच्छी रेपुटेशन वाले कोरियोग्राफर की आय भी ज्यादा होती है. हालांकि प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर पैसों की डिमांड करते हैं जबकि बिगिनर्स को जो मिलता है, उससे ही संतुष्ट होना पड़ता है.

**संस्थान** - नेशनल इंस्टीट् यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), दिल्ली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (निफ्ड), ओडिसा नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मोहाली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद

# परिपक्वता से ही मिलती है कामयाबी

कामयाब होना है तो उसके सपने देखने ही होंगे और उन्हें सच करने के लिए आपको धर्य रखना होगा. याद रहे कि सपने देखने के लिए सोना पड़ता है और उससे भी पहले भोजन करना पड़ता है. क्या किसी ऐसे व्यक्ति को देखा है जो बिना खाये-पिये ही आराम से सो गया हो यानी उसे सहजता से नींद आ गयी हो? कामयाबी के सपने देखना और उसे पा लेने के बीच जो गैप है, उसे भरना आसान नहीं है. उसे भरते हैं आपके उद्देश्यपूर्ण तरीके और समय पर हथौड़ा मारने की कुशलता. आप जान लीजिए कि इन्हीं दो तरकीबों या साधनों को जरिया बनाकर आप चलते और चढ़ते हुए मंजिल तक पहुंचते हैं. दरअसल, सफलता और नाकामी के बीच का फासला 'सही' और 'एकदम सही' के बीच का फासला है. आपने सबकुछ अच्छा किया और समय पर किया लेकिन करते रहने की निरंतरता और उसके माध्यम से उपजने वाली परिपक्वता ही कामयाबी की रेशमी डोर है. ये डोर काफी मजबूत होती है, लेकिन शर्तों से बंधी भी होती है. आप देख सकते हैं कि जो डोर आपके जीवन के समूचे परिदृश्य को बदल डालने का दमखम रखती हो, वह हल्की या कमजोर तो हो नहीं सकती? सबसे पहले तो खुद को समझना होगा, इसके बाद खुद के सम्मान को समझना होगा. आप किसी भी बेहद कामयाब शख्स में ये दो चीज जरूर पाएंगे. कामयाबी स्मार्ट लोगों को खोजती है. ऐसे लोगों को, जो स्मार्ट ढंग से काम करते हैं, समय पर सही फैसले लेते हैं. अपनी कृति के लिए ग्राहक तलाशते समय कलाकार के दिमाग में ग्राहक की संतुष्टि सबसे पहले होती है. तभी आज एक और कल एक हजार ग्राहक बनते हैं. ऐसे स्मार्ट लोग अनेक तरह के लोगों के पास रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें ठीक से पता होता है कि क्वालिटी खोजने वाले स्मार्ट लोग है और यही उनकी तकदीर का निर्माण करेंगे, उसे उपलब्धि के शिखर की ओर ले जाएंगे. लेकिन ये सब खुद को सम्मान देने और खुद के दमखम को ईमानदारी से टटोले बिना हो पाना मुश्किल है. उत्साह के साथ कामयाबी तभी मिलती है जब रास्ते में ठोकरें खाकर भी आपके उत्साह में कोई कमी नहीं रहती. कामयाबी के जज्बे से भरे इंसान के लिए आंखों के सामने कोई रास्ता ना भी हो तो भी चिंता नहीं रहती. वे धीरे-धीरे ही सही, आगे बढ़ते जाते हैं. उन्हें कोई जल्दी भी नहीं रहती. ऐसे लोग कुछ भी पाना चाहें, तो वह उनकी जद के भीतर दिखता है. बस वे यही ध्यान रखते हैं कि खुद का धैर्य न खोयें. जब तक मंजिल हाथ ना लगे, वे धैर्य धारण किये रहते हैं और चैन से नहीं बैठते. इसलिए चाहे जो हो जाए, सपने देखना जारी रखिए. आपके सिवाय कोई दूसरा यह अहसास नहीं करने वाला है. बस याद रखिए और हमेशा गांठ बांधे रहिए कि अपनी जिंदगी का फैसला किसी और के हाथों में कतई मत पड़ने दीजिए.



# पढ़ाई के साथ कमाई में बुराई नहीं!

पढ़ाई के दौरान युवाओं को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है. यदि वह पढ़ाई के साथ कमाना सीखें तो कई समस्याएं हल हो जाती हैं. बदलते वक्त के साथ पढ़ाई करते-करते काम करना और पैसे कमाना युवाओं की जिंदगी में शुमार हो चुका है. आज का युवा आर्थिक तौर से अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता है क्योंकि यह बात उन्हें समझ में आने लगी है कि जब तक वे अपने पैरों पर खड़े नहीं होंगे तब तक आगे बढ़ने की सीमाएं उनके लिए सीमित हैं. विदेश में पढ़ाई करने वाले अधिकतर छात्र पार्ट टाइम जॉब जरूर करते हैं. इससे एक फायदा तो आर्थिक स्तर पर होता है, वहीं दूसरा फायदा यह होता है कि वे उस देश की संस्कृति-संस्कार और मार्केट को समझने के साथ संबंधित कार्य का अनुभव भी प्राप्त कर लेते हैं. युवाओं को स्वावलंबी होना खुद उनके लिए महत्वपूर्ण है. यदि वे काफी कम उम्र में आर्थिक तौर पर अपनी जिम्मेदारी उठाना सीख लेते हैं तो भविष्य में इसके फल मिलते हैं. पढ़ाई के साथ-साथ कमाई करने से पॉकेट मनी और रोजमर्रा की जरूरतों की तमाम खर्च पूरा करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता. अधिकतर छात्र पार्ट टाइम जॉब कर अपने करियर या कोर्स में वेल्यू एड करा लेते हैं क्योंकि प्रोफेशनल दौर में डिग्री और अनुभव दोनों मायने रखता है. पढ़ाई के साथ-साथ जॉब करने से कई फायदे हैं-

आर्थिक स्वावलंबन

आर्थिक तौर से अपने पैरों पर खड़ा होने की प्रवृत्ति युवाओं को पार्ट टाइम जॉब करने के लिए आकर्षित करती है. पार्ट टाइम जॉब करना हर किसी की जिंदगी में अलग मायने रखता है क्योंकि जब आप अपने फ्रेंड्स के साथ पार्टी में जाते हैं, घूमने जाते हैं, फिल्में देखने जाते हैं, तो वहां खर्च करने के लिए किसी के सामने आपको हाथ पसारना नहीं पड़ता है. परिवार के सदस्यों और दोस्तों को गिफ्ट भी दे सकते हैं और छोटे-मोटे खर्च के लिए आपको परिवार पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. यदि आपका कोई साथी आर्थिक संकट से गुजर रहा है तो आप उसकी मदद भी कर सकते हैं.

वर्क एक्सपीरियंस - पार्ट टाइम जॉब करने से जहां वर्क एक्सपीरियंस होता है, वहीं युवा अपने मनोनुकूल या पढ़ाई के अनुरूप काम करने में सफल होते हैं. किसी भी कोर्स के दौरान यदि आप काम करते हैं तो रेज्यूमे में आपका अनुभव जुड़ता है और बाद में फ्रेश ग्रेजुएट की तुलना में आपको प्राथमिकता दी जाती है. वर्क एक्सपीरियंस के जरिए फील्ड के अनुभव भी होते हैं. इससे जिम्मेदारी की भावना आती है और यही कारण है कि अधिकतर फर्म उन लोगों को ज्यादा तवज्जो दे रही हैं जिनके पास डिग्री के साथ-साथ अनुभव है. किसी भी संस्था में काम करने का अनुभव जहां आपकी सोच को विस्तृत करता है, वहीं प्रैक्टिकल अनुभव के दौर से भी गुजरते हैं. करियर की अधिकता अधिकतर फुल टाइम प्रोफेशनल्स उच्च डिग्री लेने की चाह रखते हैं और सीखने के साथ-साथ कमाना भी उनका लक्ष्य होनी चाहिए. पार्ट टाइम जॉब करने के पीछे जो भी इरादा हो लेकिन यह आपको आगे बढ़ने में मदद करता है. किसी भी संस्था के वर्क कल्चर को जानना और आप जब पूरी तरह प्रोफेशनल मार्केट में आते हैं, तो आपसे क्या उम्मीद की जाती है, इसकी जानकारी पहले से रहना मायने रखता है. भविष्य में अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अपने टीम मेंबर से बातें करना, बॉस या फिर कस्टमर से घुलना-मिलना भी महत्वपूर्ण चीजें हैं. हालांकि लोग मानते हैं कि पढ़ाई के दौरान जॉब करना ठीक नहीं है क्योंकि कई बार ऐसे मौके आते हैं जब छात्र पढ़ाई में कम, काम के प्रति ज्यादा गंभीर हो जाते हैं. पढ़ाई हमेशा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन जॉब कर आप जान पाते हैं कि एक-साथ दो चीजों को कैसे हैंडल किया जाता है. यही कारण है कि अधिकतर छात्र ऐसे कदम उठाने से पहले कई बार सोचने के लिए मजबूर होते हैं. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि भारत का वर्तमान एजुकेशन सिस्टम वैसे स्किल्स को सामने लाने में अक्षम है जिससे बेरोजगारी खत्म हो. ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि उन्हें इस बात का ज्ञान हो कि किसी भी परिस्थिति में वे अपना आपा न खोएं और कोर्स और कार्य को बेहतर तरीके से निबटाएं.

ध्यान रखें - किसी भी कोर्स के दौरान यदि आप काम करते हैं तो रेज्यूमे में आपका अनुभव जुड़ता है और बाद में फ्रेश ग्रेजुएट की तुलना में आपको प्राथमिकता दी जाती है. पढ़ाई के साथ कमाएं जरूर लेकिन पढ़ाई को प्रभावित किये बिना. इतनी देर ही नौकरी करें जिससे आप बिना थके पढ़ाई कर सकें. वही कार्य करें जो आपके कोर्स या प्रोफेशन से जुड़ा हो, जिससे कोर्स खत्म होने पर इस कार्यानुभव का फायदा आप उठा सकें.



पढ़ाई के दौरान अधिकतर युवाओं को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है. जहां कोर्स की फीस बहुत अधिक हो गई है, वहीं एक्स्ट्रा कैलिकुलर एक्टिविटीज में भी पैसे खर्च होने लगे हैं. छोटे-छोटे अतिरिक्त खर्च से परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है.



# वोटरों को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने बनाई विशेष रणनीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बचे हुए छह चरणों में मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने विशेष रणनीति तैयार कर ली है। पार्टी की कोशिश है कि अपने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा उत्साहित कर मतदाताओं को वोटिंग वाले दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़े और पार्टी की जीत का अंतर भी।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिन में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं से लोगों के घर-घर जाकर वोटरों से सीधा संपर्क स्थापित करने और मतदान के दिन टोलियां बनाकर उत्सव मनाते हुए पोलिंग बूथ पर जाने का आह्वान किया था। उन्होंने देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने की नसीहत देते हुए कहा था, ÷मेरा आपसे अनुरोध है कि आप घर-घर जाइए, सभी मतदाताओं के पास जाकर इन सारे विषयों के बारे में घर में बैठकर उन्हें बताइए और उनसे वादा लीजिए कि घर में शादी हो या छुट्टी हो लेकिन वे वोट करने जाएंगे। उनसे पक्का वादा लीजिए और और दूसरा काम, जब मतदान हो तो अपने पोलिंग बूथ पर उत्सव मनाइए। यह लोकतंत्र का उत्सव है, आनंद उत्सव होना चाहिए। छोटी-छोटी 15-20 लोगों की टोलियां बनाकर गीत गाते-गाते मतदान करने के लिए जाएं और हमारे गांव वाले तो तुरंत गीत बना भी लेते हैं। लोकतंत्र का जय-जयकार करते हुए जाए, उत्सव मनाएं और फिर मतदान कर वापस लौटें। तीसरा काम, हमें पोलिंग बूथ जीतना है। हमें एक भी पोलिंग बूथ हारना नहीं है। घर-घर जाना है। मतदाताओं को मिलकर सारी बातें बतानी है, सिर्फ दरवाजे पर पर्चा देकर नहीं आना है, बल्कि उनके घर में जाकर बैठना है, उनका पानी पीना है और उनसे 5-10 मिनट बात करनी है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद सोमवार को ही देर रात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिस बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुग, अरुण सिंह और दुष्यंत गौतम सहित अन्य कई नेता शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को देर रात तक चली बैठक में शाह और नड्डा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देशभर में चलाए रहे चुनाव प्रचार अभियान, प्रथम चरण के तहत देश के 21 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे तमाम चुनावी अभियानों की समीक्षा की। सूत्रों की मानें तो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक बैठक में बूथ स्तर तक जाकर चुनाव के बचे हुए 6 चरणों मे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए घर-घर जाकर उन्हें अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर और कांग्रेस के घोषणापत्र सहित उन तमाम मुद्दों के बारे में जानकारी देने की रणनीति भी तैयार की गई, जिन मुद्दों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपनी चुनावी जनसभाओं में लगातार उठा रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने फिर की बाबा की खिंचाई... प्रकाशित माफीनामे के साइज पर उठाए सवाल

नई दिल्ली । पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवा कोरोनिल को कोरोना से निपटने वाली औषधि बताने के प्रचार पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर लताड़ लगा दी। अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव से कहा था कि वे इस मामले में सार्वजनिक माफी मांगें। इसके पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अदालत में हाथ जोड़कर माफी मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने उन दोनों की माफी को खारिज कर दिया था। इसके बाद बाबा ने कहा था कि हम सार्वजनिक माफी के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने एक सप्ताह का वक्त दिया था। अब अदालत ने अखबारों में छपे माफीनामे पर ही सवाल उठा दिया। बेंच ने सवाल किया कि आखिर माफीनाम कल ही क्यों प्रकाशित किया गया। इसके अलावा बेंच ने सवाल उठाया कि क्या आपका माफीनाम उतना बड़ा ही छपा है, जितना बड़ा विज्ञापन होता है। इस पर पतंजलि आयुर्वेद के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस माफीनामे में सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की पेशी के बाद भी प्रेसवार्ता करने और विज्ञापन में गलत दावा करने पर माफी मांगी गई है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की ओर से विज्ञापन और माफीनामे के साइज को लेकर जब सवाल उठाया गया, तब उन्होंने कहा कि इसके प्रकाशन में 10 लाख रुपये का खर्च आया है। बाबा के वकील ने बताया कि हमने कल कई अखबारों में माफीनामा छपवाया है। पतंजलि आयुर्वेद की ओर से छपे माफीनामे में कहा गया है, पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का बेहद सम्मान करता है। हम विज्ञापन छपवाने और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के बयान के बाद भी प्रेसवार्ता करने के लिए माफी मांगते हैं। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि भविष्य में ऐसी कोई गलती न हो।

## रिपोर्ट में हुआ खुलासा– जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

बांदा। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी। जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि बांदा जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आए थे जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी। इससे पहले मंगलवार को उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी और इलाज के बाद उसी दिन कारागार भेज दिया था।

## कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में सबसे आगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली। देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में कर्नाटक और गुजरात सबसे आगे हैं, जबकि झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। शोध संगठन इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और स्वच्छ ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की संयुक्त रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि कर्नाटक और गुजरात ने सभी आयामों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। इन राज्यों ने अपने बिजली क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मजबूत प्रगति हुई है। दूसरी ओर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को सुधार की जरूरत है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में जारी हुई है जब भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की लहर चल रही है। इसके कारण बिजली मंत्रालय 260 गीगावाट की अनुमानित अधिकतम बिजली मांग की तैयारी कर रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा जैसी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा होती हैं। आईईईएफए के निदेशक (दक्षिण एशिया) और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक विभूति गर्ग ने कहा कि चक्रीय मौसमी परिस्थितियों के साथ ही तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में हर साल अधिकतम बिजली की मांग बढ़ रही है। केंद्र सरकार ग्रिड में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा को जोड़ने के लिए कदम उठा रही है, हालांकि राज्यों को भी ऐसा करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब राज्य स्तर पर कई मापदंडों की लगातार निगरानी करने की जरूरत है। एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक आदित्य लोला ने कहा कि कुछ राज्यों ने विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा नियोजन को बढ़ावा देने, कृषि जरूरतों के लिए सौर पंपों को बढ़ावा देने और अपनी बिजली प्रणालियों में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ने के लिए भंडारण समाधान बढ़ाने जैसे प्रगतिशील कदम उठाए हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर साढ़े छह करोड़ का सोना–हीरा जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। पिछले कुछ महीनों से देशभर में सोने की तस्करी की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है। उधर, कस्टम विभाग के अधिकारी भी बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सतर्क हैं और सोने की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर रहे हैं. इस बीच कस्टम विभाग ने सोमवार को मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नूडल्स और अंडरवियर के पैकेट के जरिए तस्करी कर लाए जा रहे करोड़ों रूपये मूल्य के सोना और हीरा जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार कस्टम विभाग को इसकी जानकारी मिली थी. सूचना मिलते ही अधिकारियों ने संदिग्धों की तलाश की. इस दौरान आरोपियों के पास 254.71 कैरेट के प्राकृतिक हीरे और 977.98 कैरेट के प्रयोगशाला में विकसित हीरे कुल 2 करोड़ रुपये के हीरे पाए गए। इसके अलावा आरोपियों के पास 4.4 करोड़ रुपये मूल्य का 6.8 किलो सोना भी मिला. इन हीरों के साथ–साथ सोने की तस्करी नूडल्स के पैकेट और अंडरगारमेंट्स में की गई थी। इस मामले में कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त हीरे और सोने की कुल कीमत करीब 6 करोड़ 46 लाख रुपये है. बताया गया है कि कोलंबो से मुंबई आये एक विदेशी नागरिक को हवाई अड्डे पर रोका गया और उसके अंडरगारमेंट्स के अंदर छुपाकर 24 कैरेट सोने की छड़ें और एक कटा हुआ टुकड़ा, जिसका कुल वजन 321 ग्राम था, ले जाते हुए पाया गया। वहीं मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक भारतीय नागरिक को रोका गया और उसे अपने ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाकर हीरे की तस्करी करते हुए पाया गया। प्राकृतिक हीरे 254.71 कैरेट और प्रयोगशाला में विकसित हीरे 977.98 कैरेट जिनकी कीमत 2.02 करोड़ रुपये है, बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इतनी बड़ी मात्रा में जब्त किया गया सोना विमान के जरिए विदेश से तस्करी कर लाया जा रहा था. मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारी ने चारों आरोपियों से गहन पूछताछ कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आपको बता दें कि पिछले महीने कस्टम विभाग की टीम ने तस्करी के दो बड़े मामलों में दुबई से लाया गया करोड़ों रुपये का सोना जब्त किया था.

## सलमान खान के बाद अब विधायक जितेंद्र आह्वाड बिश्नोई गैंग के रडार पर

मुंबई। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलामन खान के घर पर गोली चलाई गई। वहीं इस फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए बिश्नोई गैंग ने ली. इसके बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दिया और दो लोगों को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया. इसके बावजूद बिश्नोई गैंग शांत नहीं है. अब उसने शरद पवार गुट के एनसीपी नेता व विधायक जितेंद्र आह्वाड को अपने रडार पर लिया है. खबर है कि इस गैंग ने उन्हें धमकी देते हुए लाखों रुपये की फिरौती मांगी है.

लॉरेंस बिश्नोई गैंग महाराष्ट्र में सक्रिय– लॉरेंस बिश्नोई पंजाब का एक गैंगस्टर है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं. इसी गैंग ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसवाला की हत्या की थी. जिसके बाद हर तरफ इसकी चर्चा हो रही है. गैंग के दो लोगों ने पिछले हफ्ते सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट पर पांच राउंड फायरिंग की थी। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए कई टीमें बनाईं

## भारत तोड़ो की राजनीति तुरंत बंद करे कांग्रेस : प्रमोद सावंत

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता विरियाटो फर्नांडीस के गोवा पर भारतीय संविधान थोपने संबंधी बयान पर राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भयावह करार देकर निशाना साधा है। सीएम सांवत ने कहा मैं इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान से स्तब्ध हूं। कांग्रेस को भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। गोवा के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक प्रमोद सावंत ने एक्स पर कांग्रेस नेता फर्नांडीस के चुनावी सभा में भारतीय संविधान को लेकर टिप्पणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के दक्षिण गोवा उम्मीदवार की टिप्पणियों से स्तब्ध हूं, जिसमें दावा किया है, कि भारतीय संविधान को गोवावासियों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का पूरे दिल से मानना था कि गोवा भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 वर्ष की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने भारतीय संविधान को कमजोर करने की हिम्मत की। सीएम सांवत ने कहा कि कांग्रेस को इस लापरवाह भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। कांग्रेस हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। गौरतलब है कि फर्नांडीस दक्षिण गोवा से कांग्रेस के लोक सभा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा था कि वर्ष 1961 में पुर्तगाली शासन से आजादी के बाद गोवा पर भारतीय संविधान थोपा गया था। इस दौरान फर्नांडीस ने पिछले लोकसभा के दौरान राहुल गांधी के साथ अपनी बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान उनके सामने भी इस मुद्दे को उठाया था।



# योगी आदित्यनाथ की हुंकार, बोले- भारत अंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा देश, किसी शरिया कानून से नहीं

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और कहा कि भारत 'भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, किसी शरिया कानून से नहीं'। उत्तर प्रदेश में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर परोक्ष हमला किया और कहा कि 1970 में, पार्टी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, और, 'ग़रीबी तो ख़त्म नहीं हुई लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आज़ादी मिल गई।'

योगी ने आगे कहा, 'तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है...तो हमारे दलित, पिछड़े, गरीब, किसान आदि कहां जाएंगे?' उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी कांग्रेस और उसके सहयोगियों का शासन रहा, फिर भी 50 करोड़ लोगों के पास बैंक खाता नहीं था...अगर इतने सारे लोग इन बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं तो इसके लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी जिम्मेदार हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे (कांग्रेस) गरीबी दूर नहीं कर पाए लेकिन अब उनकी नजर लोगों की मेहनत की कमाई, संपत्ति और आभूषणों पर है। वे महिलाओं की मेहनत की कमाई और उनकी मेहनत से बनाए गए आभूषणों को लूटने की कोशिश कर रहे हैं... वे केवल देश को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं... अब भारत के लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे।' बागपत में योगी आदित्यनाथ ने कहा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में दो बाते नजर आती हैं पहला- कांग्रेस कहती है कि शरिया कानून लागू कर देंगे इसका मतलब वे बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा पैदा करना चाहते हैं। तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। उनका घोषणा पत्र कहता है कि गरीबी हटा देंगे। वो बेटी, बहनों और माताओं के गहनों को जब्त करने की साजिश रच रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि आज जो INDI गठबंधन के रूप में आपके सामने आए हैं उन्होंने देश के साथ गद्दारी की है और फिर से गद्दारी करने के लिए ये अपने घोषणापत्र के साथ आपके सामने आए हैं... कांग्रेस कहती है कि हमारी सरकार बनी तो हम शरिया कानून लागू करेंगे...भारत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा न कि किसी शरिया कानून से।

## आवैसी का हमला, मोदी, शाह और योगी सभी के 6–7 भाई बहन

हैदराबाद । ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और दिवंगत अटल बिहारी वाजेपेयी के परिवार पर सवाल उठा दिया। पीएम मोदी के बयान को लेकर उन्होंने कहा, क्या हम (मुसलमान) घुसपैठिए और कई बच्चों वाले लोग हैं? क्या आप जानते हैं, कि अटल बिहारी वाजपेयी के कितने भाई–बहन थे। वाजपेयी को लेकर भाई–बहनों की संख्या 7 थी। क्या वह परिवार ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला नहीं हुआ? क्या मुसलमान बहुत सारे बच्चे रखने वाले लोग हैं?

# पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले माह पंजाब में रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे

**–पुलिस सुरक्षा के लिये तैयार**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले महीने पंजाब आएंगे। वे रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके लिये मान सरकार की आम राज्य प्रबंध विभाग की प्रोटोकॉल शाखा ने सभी विभाग के प्रमुख, डीसी, पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम को लेकर एक पत्र जारी किया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि पीएम की सुरक्षा के इंतजाम को लेकर नियमों का पालन किया जाए। पत्र के अनुसार राज्य स्तर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर जो भी इंतजाम किए जाते हैं वह पूरे होने चाहिए। इसमें सुरक्षा बैरिकेड्स, पार्किंग सुविधा व हेलीपैड समेत अन्य प्रबंध शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा जल्द ही अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी करने की तैयारी कर रही है। इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी अगले माह से पंजाब में दस्तक देना शुरू कर देंगे। भाजपा ने अभी तक 9 और कांग्रेस ने 6 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। दोनों पार्टियों के अनुसार सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही वह प्रदेश में अपना प्रचार भी तेज कर देंगे। बता दें कि भाजपा ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि पीएम सुरक्षा के लिए अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियां शामिल होती हैं। अनुभव न होने के चलते राजनीतिक दलों के प्रबंधकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए राज्य व जिला अथॉरिटी को प्रधानमंत्री की बैठकों, रोड शो व रैली के लिए कार्यक्रम के स्थान पर सभी इंतजाम की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जिसमें वह सभी सुरक्षा एजेंसियों व तय राजनीतिक नेताओं से संपर्क कर सकते हैं। इस सब के बाद ही चुनाव आयोग ने इस संबंध में पंजाब सरकार को निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2022 जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला भी सामने आया था। वह हुसैनीवाला में जनसभा को संबोधित करने आए थे तब कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक लिया था। इस दौरान वह करीब 15-20 मिनट तक वहीं फंसे रहे थे और बाद उनका काफिला वापस लौट गया था।

## भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन कर सकता : जयराम रमेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेच दिए गए। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट किया, पीएम मोदी आपको ये सब कभी नहीं बताएंगे कि 2012 से 2021 तक देश में बनी संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत आबादी के पास गया है।



उन्होंने दावा किया कि देश में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 64 प्रतिशत गरीबों, निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग से आता है। रमेश ने कहा, पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बिके हैं। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है। उनके मुताबिक, आज 21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत को तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। भारत को बहुत अधिक समावेशी आर्थिक विकास की आवश्यकता है। भारत को अधिक टिकाऊ पर्यावरणीय विकास की आवश्यकता है। केवल इंडिया गठबंधन ही यह तीनों कर सकता है और करेगा।

# आप नेता का आरोप... पीएम मोदी 24 घंटे सीसीटीवी से केजरीवाल की निगरानी कर रहे

**–जेल में रोज झाड़ू लगा रहे केजरीवाल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मोदी सरकार पर अटैक कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीसों घंटे सीसीटीवी से अरविंद केजरीवाल की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एलजी का ऑफिस भी इसी काम में लगा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री रोज तिहाड़ जेल में झाड़ू लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं जो सच बताने जा रहा हूं, यह बात सुनकर सब हैरान हो जाएंगे...तिहाड़ जेल केजरीवाल के लिए यातना गृह बन गया है। आप को याद होगा कि हिटलर भी अपने विरोधियों के लिए यातना गृह बनाता था। आज वहीं हो रहा है।





आप नेता सिंह ने कहा, तिहाड़ में बंद केजरीवाल पर पीएमओ और एलजी ऑफिस 24 घंटे निगरानी रख रहा है। पीएम मोदी लिंक मंगा कर देखते हैं, कि केजरीवाल क्या कर रहे हैं। आखिर इतनी निगरानी क्यों है? क्या देख रहे हैं, क्या देखना चाहते हैं? केजरीवाल को दवा मिली कि नहीं? खाना मिला कि नहीं? कितना पढ़ रहे हैं? कितना लिख रहे हैं? आप देखना क्या चाहते हैं? आप ये देखना चाहते हैं कि केजरीवाल कितना बीमार हुए, उनका स्वास्थ्य बिगड़ा की नहीं? यह देखना चाहते है कि वह कितना टूटे, कितना मनोबल टूटा। एलजी भी इसी काम में लगे हुए है।

आप के राज्यसभा सांसद ने कहा, केजरीवाल से प्रतियोगिता करना है, तब काम की राजनीति करिए। बनाइए स्कूल और अस्पताल। सड़कें बनाइए... महंगाई कम कीजिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करे। आप को किसानों, महिलाओं और युवाओं की चिंता करनी चाहिए। लेकिन आप केजरीवाल का मनोबल गिराने की चिंता कर रहे हैं। 24 घंटे उनकी निगरानी कर रहे हैं। आप के इस अत्याचार को पूरा देश देख रहा है। केजरीवाल जेल में रोज झाड़ू लगा रहे हैं। केजरीवाल जितना जेल में झाड़ू लगाएंगे, उतना भाजपा बाहर साफ होगी। पूरे देश से सफाया होगा।

संजय सिंह ने कहा, सारे नियम-कानून तोड़कर जेल में केजरीवाल के सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देख रहे हैं। इसलिए बार-बार दोहराना पड़ता है कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश चल रही है। उनके खिलाफ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

# कांग्रेस के लिए झटका.... एनडीए गठबंधन को मिला मेगास्टार चिरंजीवी का साथ

**अमरावती (एजेंसी)।** लोकप्रिय टॉलीवुड हीरो और पूर्व केंद्रीय मंत्री कोनिडेला चिरंजीवी द्वारा एक वीडियो बयान में आंध्र प्रदेश में आगामी चुनावों के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनसेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन का स्वागत किया, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है। पेंडुरथी विधानसभा क्षेत्र से जनसेना पार्टी के प्रत्याशी पंचकरला रमेश बाबू और अनकापल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सीएम रमेश के साथ मेगास्टार के रूप में मशहूर चिरंजीवी ने लोगों से समग्र विकास के लिए सही और ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

अपने संदेश में चिरंजीवी ने कहा कि मुझे राजनीति के बारे में बात करते हुए कई साल हो गए हैं। इतने वर्षों के अंतराल के बाद अब राज्य की राजनीति पर बोलने का मुख्य कारण मेरे छोटे भाई और जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं। चिरंजीवी ने कहा कि यह एक अच्छा विकास है कि पवन, टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और भाजपा नेतृत्व गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए हैं। मेरे लिए अब आपके सामने आने का एक और कारण यह है कि मेरे करीबी दोस्त सीएम रमेश और मेरे करीबी एक अन्य नेता पंचकरला रमेश चुनाव लड़ रहे हैं। वे अच्छे और कुशल हैं और मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे अनाकापल्ली के विकास के लिए काम करना जारी रखने वाले है।

उन्होंने स्वीकार किया है कि आंध्र की राजनीति में हाथ आजमाने का उनका अनुभव सुखद नहीं रहा। उन्होंने 2009 के चुनावों में एनटी रामाराव जैसी तत्काल सफलता का स्वाद चखने की उम्मीद में, 2008 में बड़ी धूमधाम से प्रजा राज्यम की शुरुआत की। हालांकि, उनकी पार्टी को सिर्फ 18 सीटें ही मिलीं। मेगास्टार जैसे अहंकार बढ़ाने वाले ऊंचे नाम की सुंदरता के आदी चिरंजीवी के लिए, संयुक्त आंध्र प्रदेश में 294 विधायकों में से केवल एक होना एक बड़ी गिरावट थी।

बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और बदले में उन्हें राज्यसभा सीट और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय मिला। 2014 में कांग्रेस के सत्ता खोने के बाद, चिरंजीवी पूरे समय के लिए ग्रीसपेंट और स्टूडियो आर्क लाइट की परिचित दुनिया में लौट आए। चिरंजीवी के समर्थन ने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को भी आश्चर्यचकित कर दिया, जिसने पिछले दिन ही लोगों को याद दिलाया था कि अभिनेता अभी भी पार्टी के रिकॉर्ड के सदस्य हैं। वहीं इसके नेताओं ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तब वे कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार भी कर सकते हैं। इस बात पर ध्यान न दें कि अभिनेता को कई वर्षों से कभी भी किसी पार्टी मंच पर नहीं देखा गया था।

पिछले हफ्ते, चिरंजीवी ने पार्टी के चुनाव खर्च में मदद के लिए अपने छोटे भाई और जन सेना के प्रमुख पवन कल्याण को 5 करोड़ रुपये का चेक भी दिया था। पवन ने खुद आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वह 2014 से ही चिरंजीवी के आशीर्वाद का इंतजार कर रहे थे जब उन्होंने जन सेना लांच की थी।

सूत्रों का कहना है कि चिरंजीवी को काफी समय से सूक्ष्म तरीके से लुभाया जा रहा है। पिछले साल ऑस्कर में फिल्म आरआरआर की सफलता के बाद चिरंजीवी और अभिनेता-बेटे राम चरण को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में सम्मानित किया था। सीएम रमेश का दावा है कि उन्होंने उस बैठक में मदद की। रमेश का कहना है कि चिरंजीवी के प्रशंसक होने के अलावा, वह अभिनेता को उस दिन से व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, जब उन्होंने 2012 में राज्यसभा के सदस्यों के रूप में एक साथ शपथ ली थी।





# स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर अमेजन सेल में 80 फीसद डिस्काउंट

-यह सेल चलेगी 27 अप्रैल तक

**नईदिल्ली ।**

अमेजन पर चल रही बेक टू स्कूल सेल में स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर 80 फीसद तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। यहां से आप प्रिंटर, स्कूल गैजेट्स, असेंशियल्स और टैबलेट्स समेत कई प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। यहां से आपको कई ब्रांड के टैबलेट्स मिल जाएंगे जो आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं। इन सभी पर एक से बढ़कर एक डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है जिसके बाद इन्हें कम कीमत में घर लाया जा सकता है। इन पर विंज वॉच तो किया जा सकता है और साथ ही स्कूल की क्लासेज भी ली जा सकती हैं। अमेजन सेल में आपको कई बेस्ट टेबलेटस अच्छे फीचर्स के साथ मिल जाएंगे। इनमें वनप्लस , शाओमी, हानर, सेमसंग आदि के ऑप्शन्स मौजूद हैं। यहां हम आपके लिए कुछ अच्छे ऑप्शन्स लाए हैं जो आपको पसंद आ सकते हैं। इसमें 11.35 इंच का बड़ा डिस्प्ले दिया गया है जिसके चलते इसका वीडियो एक्सपीरियंस बढ़िया रहेगा। इसमें डॉल्बी एटमस क्वाड स्पीकर्स दिए गए हैं जो साउंड क्वालिटी को जबरदस्त बनाते हैं। यह वाई-फाई के साथ 4जी एलटीई पर काम करते हैं। इसकी प्रोसेसिंग पावर अच्छी है। 8000 एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है।

यह देखने में भी काफी स्टाइलिश है और फीचर्स के मामले में सभी को पीछे छोड़ता है। इसके साथ 1 साल की वारंटी दी गई है। इसे 4.5 यूजर रेटिंग दी गई है। साथ ही 1 साल की वारंटी दी गई है। 33 फीसद डिस्काउंट के साथ इस टैबलेट में स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर दिया गया है। 11 इंच के डिस्प्ले के साथ इसकी वीडियो क्वालिटी काफी जबरदस्त है। यह 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है। इसकी साउंड क्वालिटी काफी जबरदस्त है।

# रिलायंस का टर्नओवर 10 लाख करोड़ आमदनी एक लाख करोड़

- अनंत की आयल टू केमिकल कंपनी का मुनाफा घटा

**मुंबई ।**

मुकेश अंबानी के समूह वाली कंपनियों का टर्नओवर बढ़कर 10 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। कंपनी की आय भी बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का टर्नओवर 2023-24 में 10 लाख करोड रुपए पर पहुंच गया है। यह देश की पहली सबसे ज्यादा टर्नओवर और सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बन गई है। कंपनी की प्री टैक्स आय 1। 79 करोड रुपए रही। रिलायंस ने अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर 10 रूपये लाभांश देने की घोषणा की है। नतीजे के बाद कंपनी के शेयर में इजाफा हुआ। मार्केट कैप 20 लाख करोड़ के ऊपर पहुंच गया है।




2024 में कंपनी के शेयर में अभी तक 14.32 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। रिलायंस कारोबार में सबसे ज्यादा आमदनी आयल तथा गैस के कारोबार से बढ़ी है। इसमें 48 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं रिलायंस रिटेल में 18 फ़ीसदी आय में वृद्धि हुई है। रिलायंस जिओ मे 10.3 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। अनंत अंबानी के समूह वाले आयल टू केमिकल के कारोबार में पिछले वर्ष की तुलना में आय कम हुई है।

# ऑल्टो के10 कार के बेस मॉडल की कीमत 4.50 लाख रुपये

-बुलेट की कीमत पर उठा ले आओ ये गाड़ी

**नई दिल्ली ।**



बेहतरीन कारें बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी ने कम बजट वालों के लिए पिछले साल ही नई ऑल्टो के10 को लॉन्च किया था। कम बजट वालों के लिए इसका बेस मॉडल सबसे किफायती पड़ता है। इस कार के बेस मॉडल की ऑन रोड कीमत करीब 4.50 लाख रुपये तक जाती है। इस कार से आप गर्मी, सर्दी या बरसात तिनों मौसम में बिना रुके आसानी से सफर कर सकते हैं। अगर आप हर मौसम में सुरक्षित रहकर सफर करना चाहते हैं तो एक महंगी बाइक से बढ़िया एक सस्ती कार होगी। ऑल्टो के10 की ऑन-रोड कीमत तकरीबन 4.50 लाख रुपये है और लगभग इतनी ही कीमत पर रॉयल एनफील्ड सुपर मिटिओर 650 के टॉप मॉडल की ऑन रोड कीमत है। मारुति ऑल्टो के10 का बेस मॉडल खरीदने के लिए अगर आप 1.35 लाख रुपये डाउन पेमेंट करेंगे तो 9 प्रतिशत की ब्याज दर से 7 साल के लिए कार की किस्त 5,000 रुपये महीने के आसपास होगी। इतनी आसान किस्त आप आसानी से भर सकते हैं। नई मारुति सुजुकी ऑल्टो के10 चार वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जिनमें एसटीडी, एलएक्सआई, वीएक्सआई और वीएक्सआई प्लास शामिल हैं। सीएनजी वर्जन वीएक्सआई मॉडल के साथ खरीद सकते हैं। टॉप मॉडल की कीमत करीब 6.61 लाख रुपये तक जाती है। इसमें कार में मिलने वाले तमाम फीचर्स हैं। मारुति ऑल्टो के10 में 1.0-लीटर का 3-सिलेंडर के सीरीज पेट्रोल इंजन लगाया गया है, जो अपने माइलेज के लिए जाना जाता है। यह इंजन अधिकतम 66 बीएचपी का पावर आउटपुट और 89 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल यूनिट और 5-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन मिल जाता है। यह कार ऑल्टो 800 से ज्यादा पावरफुल भी है। माइलेज की बात करें तो एक लीटर पेट्रोल में यह कार 24 किलोमीटर तक की माइलेज निकाल देती है। वहीं एक किलो सीएनजी में इसकी माइलेज 33 किलोमीटर तक है।

# गूगल पिक्सल फोन का नया मॉडल को लाने के लिए तैयार



-लीक हो गई फोटोज़, फीचर्स का खुलासा

**नई दिल्ली ।**

जानी-मानी गूगल पिक्सल फोन कंपनी अपने नए मॉडल को लाने के लिए तैयार है। गूगल पिक्सल 9 प्रो की कुछ फोटोज़ ऑनलाइन लीक हो गई हैं, जिससे पिक्सल फैंस को हिंट मिल जाएगा कि कंपनी के अगले पिक्सल फोन से क्या उम्मीद की जाए। मालूम हुआ है कि इस साल, कंपनी तीसरा मॉडल - पिक्सल 9 प्रो एक्सएल लॉन्च कर सकती है, जिसका मतलब साफ है कि इस बात गूगल पिक्सल 9, पिक्सल 9 प्रो के साथ एक और फोन जुड़ जाएगा, और इस सीरीज़ पिक्सल 9 प्रो सबसे बड़ा मॉडल नहीं होगा।गूगल पिक्सल 9 प्रो को दोबारा डिज़ाइन किए गए कैमरा लेआउट के साथ दिखाया गया है। फोन में एक पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा होने की भी उम्मीद की जा रही है, जो लीक हुई फोटो में भी देखा गया है। फोटो में देखा जाए तो इसमें से एक फोन के रियर पैनल को ओवल साइज़ के कैमरा के साथ पेश किया गया है।

बता दें कि गूगल पक्सल 8 और पिक्सल 8 प्रो के साइज़ आईफोन 15 जितने छोटे थे। वहीं अब पिक्सल 9 प्रो एक्सएल को लेकर ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि ये ऐपल के टॉप मॉडल आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल की तरह बड़े साइज़ के साथ आएगा। फोटो के मुताबिक गूगल पिक्सल 9 प्रो माइक्रोन की 16जीबी एलपीडीडीआर रैम और 128जीबी इनबिल्ट स्टोरेज से लैस होगा। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक गूगल पिक्सेल 9 सीरीज़ और आने वाले पिक्सल प्रो फोल्ड सैमसंग मॉडम के सपोर्ट के साथ आ सकते हैं।

पिछली रिपोर्ट में ये भी मालूम कि पिक्सल 9 सीरीज़ सिंपल सा कैमरा मॉड्यूल होगा। रिपोर्ट में आईफोन 15 प्रो मैक्स के बगल में पिक्सल 9 प्रो की एक फोटो भी शेयर की गई है।

# कुछ कंपनियों ने ग्राहकों के लिए पेश किए सस्ते मोबाइल फोन

-कुछ मोबाइल फोन पर दिया जाता है तगड़ा ऑफर

**नई दिल्ली ।**

स्मार्टफोन ग्राहकों के लिए कंपनियां कुछ सस्ते मोबाइल भी पेश करती हैं, और कुछ पर तो ऐसा तगड़ा ऑफर दिया जाता है, जिसे देखकर आप न नहीं कह सकते हैं।

यहां हम जिस फोन पर ऑफर मिलने की बात कर रहे हैं उसे 7,000 रुपये से भी कम दाम पर घर लाया जा सकता है। दरअसल अमेज़न पर मोबाइल ऑफर की भरमार है, और इसी में टेक्नो स्पार्क 20सी को काफी कम दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा है।लाइव हुए ऑफर से मालूम हुआ है कि टेक्नो स्पार्क 20सी को 11,999 रुपये के बजाए 6,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। बता दें कि ये कीमत बैंक ऑफर को जोड़ने के बाद की है। इस फोन की खास बात इसकी 16जीबी रैम, 50 मेगापिक्सल है। इस स्मार्टफोन में 90 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.6-इंच एचडी+ (720 गुणा 1,612 पिक्सल) एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। यहां डिस्प्ले में सेंटर होल-पंच स्लॉट भी दिया गया है।

इस स्लॉट में डायनामिक पोर्ट भी दिया गया है। जोकि एप्पल के डायनामिक इस्लैंड की तरह है। इसमें नोटिफिकेशन्स देखें जा सकेंगे। साथ ही इसमें 8जीबी वर्चुअल रैम का भी सपोर्ट दिया गया है।

इसकी इंटरनल मेमोरी 128जीबी की है। मेमोरी को कार्ड की मदद से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। ये फोन एंड्रॉयड 13 बेस्ड हियोस 13 पर चलता है। कैमरे के तौर पर फोन के रियर में डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। फोन के रियर में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और एक एआई कैमरा मौजूद है। वहीं फोन के फ्रंट में 8 मेगापिक्सल कैमरा दिया गया है। पावर के लिए इसमें 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है और ये 18वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।कंपनी के मुताबिक इस स्मार्टफोन में डारविन इंजिन दिया गया है। जो यूजर के गेमिंग एक्सपीरिएंस को इंप्रूव करेगा।

इस फोन में 8जबी रैम के साथ मीडियाटेक हेलियो जी36 प्रोसेसर दिया गया है।

# जोमैटो से खाना मंगाना हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो से खाना मंगाना अब थोड़ा और महंगा पड़ेगा। क्योंकि, कंपनी ने प्लेटफॉर्म चार्ज में 25 प्रतिशत का इजाफा किया है, जिससे यह 1 रुपए बढ़ाकर अब 5 रुपए हो गया है। यह चार्ज हर ऑर्डर पर लगेगा। जोमैटो सालाना करीब 85-90 करोड़ ऑर्डर कैटर करता है। यह उसके टोटल में 5 प्रतिशत की बढ़त करेगा। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में दो रुपए प्लेटफॉर्म चार्ज लेना शुरू किया था। बाद में इसे बढ़ाकर 3 रुपए और जनवरी 1 जनवरी 2024 से 4 रुपए कर दिया था। कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को 9 रुपए प्लेटफॉर्म फीस के रूप में ग्राहकों से चार्ज किया था।







# 21 अप्रैल को 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया

**नई दिल्ली ।** घरेलू हवाई यातायात 21 अप्रैल को नए मुकाम पर पहुंच गया। उस दिन रिकॉर्ड 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया। आधिकारिक आंकड़ों से यह बात सामने आई है। रविवार को हवाई यातायात कोविड-पूर्व की औसत संख्या 3,98,579 यात्रियों से 14 प्रतिशत अधिक रहा। नागर विमानन मंत्रालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की कुल संख्या 21 अप्रैल (रविवार) को 4,71,751 रही जबकि इस दौरान कुल 6,128 उड़ानें संचालित की गईं। यह संख्या 21 अप्रैल, 2023 को दर्ज किए गए 4,28,389 यात्रियों और 5,899 उड़ानों के घरेलू हवाई यातायात से अधिक है। मंत्रालय ने पोस्ट में कहा कि भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र 'हर दिन एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। मंत्रालय ने कहा, भारत में घरेलू विमानन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। यह ठोस नीतियों, आर्थिक वृद्धि और कम लागत वाली एयरलाइंस के विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित है। जैसे-जैसे हवाई यात्रा तक अधिक लोगों की पहुंच होगी, इस क्षेत्र के आगे बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। पिछले हफ्ते विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने कहा था कि जनवरी-मार्च तिमाही में घरेलू एयरलाइंस से 391.46 लाख यात्रियों ने सफर किया जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह संख्या 375.04 लाख थी।

# टेस्ला कार यूजर्स को मिलेगा इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस

-कार कंपनी मालिक एलन मस्क का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने कहा कि टेस्ला कार यूजर्स को जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के साथ एक इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस मिलेगा। एलन मस्क से एक फॉलोअर ने पूछा था कि क्या हम एक्स ऐप को टेस्ला कारों में इंटीग्रेट कर सकते हैं, तो अरबपति मस्क ने कहा÷जल्द ही आ रहा है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कार मालिक टेस्ला यूजर इंटरफेस में एक सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एक्स का उपयोग कर सकेंगे। एक मस्क फॉलोअर ने पूछा, यह सचमुच अच्छी खबर है। फिलहाल, मैं फुल-सेल्फ ड्राइविंग पर बिना किसी परेशानी के अपने आईफोन पर एक्स नोटिफिकेशन नहीं पढ़ सकता। देशी इकोसिस्टम इंटीग्रेशन कहीं बेहतर होगा। एक्स के लिए टेस्ला यूआई कैसा दिखेगा? हालांकि, कुछ लोगों को यह विचार पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी मांग की कि मस्क ग्रोक एआई को टेस्ला कारों में भी इंटीग्रेट करें। एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, इंजीनियरिंग टाइम की बर्बादी है। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे कोई भी गाड़ी चलाते समय एक्टिव रूप से एप्लिकेशन का उपयोग कर सके और टाइपिंग के मामले में इसका उपयोग करना मुश्किल है क्योंकि पीठ को बहुत अजीब तरीके से मोड़ना पड़ता है। मस्क के एक फॉलोअर ने टिप्पणी की, टेस्ला फ्लीट के अंदर ग्रोक को भी मत भूलना।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदादारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा रियल्टी, एफएमसीजी और आईटी इंडेक्स बढ़त में भी बढ़त रही। इसके साथ ही वाहन और इंफ्रा शेयरों में भी खरीदारी दर्ज की गयी जबकि दवा, धातु और उर्जा शेयरों पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 89.83 अंक करीब 0.12 फीसदी बढ़कर 73,738.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.60 अंक तकरीबन 0.14 फीसदी ऊपर आकर 22,368 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ग्रेसिम इंडस्ट्रीज , भारतीय एयरटेल , नेस्टले इंडिया, मारुति सूजुकी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं सन फार्मा, बीपीसीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एमएंडएम और हिंडाल्को के शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले गत कारोबारी दिन भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 411.27 अंक चढ़कर 74, 059.89 पर और निफ्टी 111.15 अंक बढ़कर 22,447.55 पर पहुंच गए। आज लगातार तीसरे सत्र में बाजार बढ़त पर रहा। शेयर बाजार में बीते दो दिन से तेजी का सिलसिला रहने से निवेशकों की संपत्ति 4.97 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी है। . वैश्विक बाजारों में तेजी से ये बढ़त आई है। वहीं शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) गत दिवस 2,915.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो एशियाई और युरोपीय बाजार में भी तेजी रही।



# जेएनके इंडिया का आईपीओ खुला

**मुंबई ।** साउथ कोरियाई कंपनी जेएनके ग्लोबल की सहायक कंपनी जेएनके इंडिया का आईपीओ मंगलवार को आम निवेशकों के लिए खुल गया है। कंपनी की ओर से इश्यू के जरिए 649.47 करोड़ रुपये जुटाए जा रहे हैं। इसमें 300 करोड़ रुपये का फ्रैश इश्यू है। वहीं, 349.47 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है। आईपीओ 23 से लेकर 25 अप्रैल तक आम निवेशकों के लिए खुला रहेगा। जेएनके इंडिया आईपीओ का लॉट साइज 36 शेयरों का निर्धारित है। जेएनके इंडिया आईपीओ में निवेशकों को ऑलटमेंट 26 अप्रैल को मिलेगा। जेएनके इंडिया आईपीओ में जिन निवेशकों को अलॉटमेंट नहीं मिलेगा। 29 अप्रैल तक उनके खाते में रिफंड क्रेडिट हो जाएगा। शेयर की लिस्टिंग एनएसई और बीएसई पर 30 अप्रैल को होगी। वित्त वर्ष में कंपनी की आय 253.39 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी ने 46.21 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। वहीं, कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी अच्छी है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी की ऑर्डर बुक 845 करोड़ की है जो दिखाता है कि कंपनी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेगी। 43 की पीई के साथ आईपीओ फेयर वैल्यू पर मिल रहा है। निवेश लंबी अवधि का नजरिया रखते हुए इसमें निवेश कर सकते हैं।

# एयरटेल का नया इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च

-133 रुपये में इंटरनेट रोमिंग मिलेगी, सिम मिलेगी फ्री

**नईदिल्ली ।**

दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी एयरटेल ने नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक को लॉन्च किया गया है। यह प्लान विदेश घूमने वाले यूजर्स के लिए है। इनका टैरिफ प्लान 133 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुरू होता है। इस प्लान में विदेशी सिम बेहद कम कीमत में खरीदा जा सकता है।

इसके अलावा इन पैक्स में बेहतर डेटा बेनिफिट्स मिलते हैं। इसमें इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलती है। किन देशों में लाइव हुए पैक एयरटेल के नए पैक को कुल 184 देशों में रोलआउट कर दिया गया है। यह प्लान रोजाना के 133 रुपये प्रतिदिन चार्ज से लागू होता है। इस प्लान में यूजर्स को फ्री लोकल सिम मिलता है। अगर आप दुनिया में कहीं भी यात्रा करने के प्लान बना रहे हैं तो यह एक शानदार प्लान साबित हो सकता है, जो एक ही पैक में दुनियाभर में शानदार कनेक्टिविटी ऑफर करता है। इसमें बार-बार सफर करने के लिए एक ऑटो रिन्यूअल सुविधा मिलती है, जिसमें पैक को कई बार खरीदने की जरुरत नहीं होती है। यूजर्स एयरटेल थैंक्स ऐप से इस सर्विस का लुत्फ उठा सकते हैं। एयरटेल के 195 रुपये वाले पोस्टपेट प्लान 24 घंटे की वैधता के साथ आता है। प्लान में 250एमबी डेटा के साथ 100




मिनट आउटगोइंग कॉल की सुविधा मिलती है। साथ ही 100 आउटगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलेगी। प्लान में 1 जीबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग कॉलिंग की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 100 एसएमएस आउटगोइंग एसएमएस दिए जाएंगे।एयरटेल के 295 रुपये वाले प्लान में 24 घंटे की वैधता मिलती है। प्लान में 500एमबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 100 एसएमएस आउटोगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलेगी।एयरटेल के 595 रुपये वाले प्लान में 24 घंटे की वैधता मिलेगी।

# आ गया मुकेश अंबानी के बच्चों का रिपोर्टकार्ड

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने अपने चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। कंपनी के मुनाफे में 13.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि के कारण यह मुमकिन हुआ। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 53.37 अरब रुपये हो गया। पिछले साल की समान अवधि में यह 47.16 अरब रुपये था।पैरेंट कंपनी रिलायंस के परिणामों के साथ जियो के प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व और ग्राहक बढ़ोतरी के आंकड़ों का खुलासा होगा। पांच विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो ने जनवरी-मार्च की अवधि में 70 लाख से 1.4 करोड़ ग्राहकों को आकर्षित किया। यह पिछले साल के अंत में 47.09 करोड़ के अपने ग्राहक आधार का विस्तार करता है। तिमाही के दौरान जियो के ऑपरेशन से होने वाले रेवेन्यू में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़कर 259.59 अरब रुपये तक पहुंच गया। जबकि इसके कुल खर्च में थोड़ी धीमी गति से 10.2 फीसदी की वृद्धि हुई। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, तीन विश्लेषकों ने राजस्व के 258 अरब रुपये और 261.29 अरब रुपये के बीच रहने का अनुमान लगाया था।

# महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड में 150 करोड़ रुपये फ्रॉड

**मुंबई ।** महिंद्रा ग्रुप की फाइनेंस कंपनी महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड में 150 करोड़ रुपये फ्रॉड पकड़ा गया है। ये फ्रॉड कंपनी की नॉर्थ ईस्ट रीजन की शाखा में हुआ है। फ्रॉड सामने आने के बाद कंपनी ने अपने चौथी तिमाही के नतीजे टाल दिए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने मंगलवार को होने वाली बोर्ड बैठक को भी टाल दिया है। महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज की ओर से जानकारी में कहा गया कि मार्च 2024 की तिमाही के नतीजे जो कि 23 अप्रैल को घोषित होने थे। उन्हें टाला जा रहा है। साथ ही मंगलवार को होने वाली बोर्ड बैठक भी फिलहाल नहीं होगी। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी में बताया कि कंपनी की नॉर्थ ईस्ट शाखा में रिटेल वाहन लोन से जुड़ा एक मामला पकड़ा गया है। कंपनी द्वारा वितरित रिटेल वाहन लोन के संबंध में धोखाधड़ी में केवाईसी दस्तावेजों की जालसाजी शामिल थी, जिससे कंपनी के धन का गबन हुआ। फिलहाल कंपनी इस मामले की जांच कर रही है। इस फ्रॉड का अनुमानित आकार 150 करोड़ रुपये तक हो सकता है। कंपनी की ओर से कहा गया कि मामले सामने के कारण कंपनी द्वारा 23 अप्रैल को घोषित किए जाने वाले चौथी तिमाही के नतीजे टाले जा रहे हैं। साथ ही इस दिन होने वाली बोर्ड बैठक को भी फिलहाल के लिए टाला जा रहा है।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

## –प्लेऑफ के लिए दावेदारी बनाये रखने जीत के इरादे से उतरेंगी दोनो टीमों

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल के 40 वें मुकाबले में बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल की थी पर पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे सबक लेते हुए दिल्ली अब इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। पिछले मैच में दिल्ली की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असफल रही थी। इसलिए इस मैच में उसका लक्ष्य शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना होगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत को भी जीत के लिए आक्रामक अंदाज में खेलना होगा। हैदराबाद के खिलाफ मैच में वह उस तेजी से नहीं खेल पाये थे जिसकी जरुरत थी। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी ठीक नहीं रही थी। सनराइजर्स के खिलाफ उनके फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह ओस के पहलू को सही तरह से नहीं समझ पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके अलावा पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का उनका फैसला भी गलत रहा जिससे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को आक्रामक शुरुआत का अवसर मिल गया। टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर फिसल गयी है। ऐसे में उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने अब हर मैच जीतना होगा।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ संघर्ष करते दिखे। वह 35 गेंद में 44 रन ही बनाकर आउट हो गये।

टीम के बल्लेबाजों से सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की अपेक्षा थी पर उसके सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर इसमें सफल नहीं रहे। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने तेजी से खेलते हुए 18 गेंद में 65 रन बनाए पर उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली पर ये जीत के लिए पर्याप्त नहीं थी। वहीं गेंदबाजी में भी दिल्ली के गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे और सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के अलावा दिल्ली के प्रमख गेंदबाज एनरिक नोर्किया भी विफल रहे। टीम के




अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा जकड़ने के पिछले मैच से बाहर रहे थे अगर उनकी वापसी होती है तो टीम को लाभ होगा। स्पिन कुलदीप यादव ही अब तक दिल्ली के सबसे सफल रहे हैं। उन्होंने इस सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं पर सनराइजर्स पर वह भी अंकुश नहीं लगा पाये।

वहीं दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात के लिए भी ये सत्र अधिक सफल नहीं रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। इससे टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली जीत से टीम के हौंसला बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा। टीम अब तक आठ मैच में चार जीत और चार हार से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। ऐसे में अब उनका लक्ष्य भी इस मैच में जीत दर्ज कर प्ले ऑफ के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी शुभमन के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर, आदि बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं निचले क्रम में टीम को तेजी से आगे बढ़ाना आक्रामक बल्लेबाज राहुल तेवतिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। गेंदबाजी की कमान मोहित शर्मा, नूर अहमद के अलावा स्पिनर राशिद खान संभालेंगे। वहीं दिल्ली की बल्लेबाजी ऋषभ के रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी एनरिक नोर्किया, खलील अहमद, कुलदीप यादव के अलावा अक्षर पटेल के पास रहेगी। ये मैच कुल मिलाकर रोमांचक रहेगा।

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स-** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

**गुजरात टाइटंस-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

# नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार




**मैड्रिड (एजेंसी)।** विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉड 'से सम्मानित किया गया है। सोमवार को मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोट 'फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया।

पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉड 'जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना इतनी सफलता हासिल नहीं कर पाता, जिन्होंने हमेशा मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित किया है।'

अन्य सम्मानों में स्पेन की फुटबॉल स्टार एताना बोनमती को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्सवुमेन और विश्व कप जीतने वाली उनकी टीम को लॉरियस टीम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि अमेरिकी जिम्नास्टिक स्टार सिमोन बाइल्स को कमबैक ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।

# दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर मिचेल मार्श आईपीएल से बाहर हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण आईपीएल टूर्नामेंट से हट गये हैं। ऑलराउंडर मार्श का बाहर होना दिल्ली टीम के लिए करारा झटका है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्श हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण अब आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे। पोंटिंग के अनुसार इस चोट से उबरने में समय लगाता है। इस कारण वह अब भारत नहीं लौटेंगे। मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सीय दल से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे। वहां जांच के बाद पता चला है कि मार्श के लिए अब ये सत्र खेलना संभव नहीं है। उसी के बाद इस मामले में कैपिटल्स ने अंतिम फैसला लिया। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब वह वापस आएंगे क्योंकि सीए चाहता है कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने भी उन्हें स्वदेश भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ के सदस्य कुछ सप्ताह से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है पर मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।



# बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया रवाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ 28 अप्रैल से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को रवाना हो गई। भारत इस साल 28 अप्रैल से 9 मई तक पांच मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बांग्लादेश के लिए प्रस्थान करने वाली टीम की एक तस्वीर साझा की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया- यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। सटीमइंडिया बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई है।

सीरीज की शुरुआत रविवार, 28 अप्रैल को सिलहट में पहले ञ्20द्ध से होगी। 30 अप्रैल, 2 मई, 6 मई और 9 मई को अन्य खेल उसी स्थान पर आयोजित होंगे। इस सीरीज से भारत को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी, जो इस साल सितंबर से अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अंतिम संस्करण के दौरान, भारत सेमीफाइनल में पहुंचा और अंततः चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 5 रन से हार गया था।





**बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, सजना सजीवन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), राधा यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक, आशा शोभना, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु।

**भारत टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम-** निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर (उप कप्तान), मुर्शिदा खातून, सोभना मोस्टोरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, राबेया खान, सुल्ताना खातून, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, रूबिया हैदर झेलिक, हबीबा इस्लाम पिंकी।

# पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया : आकाश चोपड़ा

जयपुर । आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक असफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी वह केवल 10 रन ही बना पाये। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें इस मैच में पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। उन्हें जल्दी बल्लेबाजी के लिए उतरकर मोर्चे से आगुवाई करने की जरुरत थी पर हैरानी की बात ये रही कि मैच में मुम्बई के विकेट गिरते रहे और पंड्या कभी डगआउट में तो कभी सीट पर बैठते, फिर कभी पुशअप्स मारते और कभी टहलते। फिर जब वह मैदान पर उतरे भी कोई कमाल नहीं कर पाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस प्रकार पंड्या एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने 7 पारियों में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 39, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 21, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 रन बनाये थे। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक बार फिर पंड्या पर निशाना साधा है। पठान ने कहा कि आईपीएल में पंड्या की कप्तानी, बल्लेबाजी और गेंदबाजी सभी बेकार रही हैं। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हार्दिक पंड्या की हिटिंग क्षमता कम होती जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है।



# टी20 विश्वकप के लिए यशस्वी की दावेदारी कमजोर हुई




मुम्बई । आईपीएल के ठीक बाद जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए कई युवा खिलाड़ी भी दावेदारी में हैं। विश्वकप के लिए एक जून को भारतीय टीम की घोषणा होगी। इसी को देखते हुए चयनकर्ता आईपीएल में भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल अब इस आईपीएल सत्र में प्रभवित नहीं कर पाये हैं, ऐसे में उनकी दावेदारी कमजोर हुई और उनकी जगह किसी नये खिलाड़ी को भी जगह मिल सकती है। यशस्वी ने 7 मैच में 17.28 की औसत से 121 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 39 रन रहा है। वहीं शुभमन गिल भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। शुभमन ने 7 मैच में 42.57 की औसत से 298 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 89 रन रहा है। ऐसे में उन्हें भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा। वहीं इस सत्र में धमाके दार प्रदर्शन कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने अबतक 7 मैच में 36.71 की औसत और 215.96 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाकर प्रभावित किया है। इस दौरान अभिषेक ने तीन अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 24 छक्के भी लगाये हैं और वह इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं।। वहीं इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा 26 छक्के हेनरिक क्लासेन ने लगाये हैं। ऐसे में अगर आगे भी यशस्वी रन नहीं बना पाते हैं तो विश्वक कप के लिए उनकी दावेदारी और कमजोर पड़ जाएगी। ऐसे में अभिषेक को भी अवसर मिल सकता है।

# नरेन टी20 विश्वकप के लिए संन्यास से वापसी नहीं करेंगे



## –युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया जाना चाहिये

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचा रहे वेस्टइंडीज के स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन ने कहा है कि उनकी आगामी टी20 विश्वकप खेलने के लिए संन्यास से वापसी की कोई योजना नहीं है। नरेन ने ये बात वेस्टइंडीज टी20 टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल के उस बयान को लेकर कही है, जिसमें पॉवेल ने नरेन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनसे टी20 विश्वकप को देखते हुए वापसी का अनुरोध किया था। पॉवेल ने बात इस आईपीएल सत्र में उनके प्रदर्शन को देखते हुए कही थी। इस पर जवाब देते हुए नरेन का कहना है कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के अवसर अब उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। साथ ही कहा कि वह उन युवा खिलाड़ियों की इस विश्वकप के लिए दावेदारी का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं।

आम तौर पर देखने में आया है कि आईसीसी टूर्नामेंट आते ही अनुभवी खिलाड़ियों की टीम में वापसी होने लगती है जबकि जो युवा खिलाड़ी लगातार उस फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं उन्हें टीम से बाहर होना पड़ता है। मगर अब सुनील नरेन ने संन्यास से वापसी नहीं करने का फैसला कर युवा खिलाड़ियों का अवसर दिया है। नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मुझे उम्मीद है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से बाहर आने और आगामी टी20 विश्वकप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने आगे लिखा, मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता पर वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन युवा खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।

नरेन आईपीएल 2024 में केकेआर की ओर से खेल रहे नरेन जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने इस सत्र में 40.86 के औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट के साथ 286 रन बनाये हैं जबकि ती गेंदबाजी के दौरान 7 मैचों में 7.11 की इकॉनमी के साथ 9 विकेट भी लिए हैं।

# विश्व कुश्ती क्वालीफायर के लिये ट्रायल इसी माह के अंत में होंगे

नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अब अगले माह होने वाले विश्व क्वालीफायर के लिये नये ट्रायल इस माह के अंत या मई के पहले सप्ताह में करायेगा। डब्ल्यूएफआई ने ये कदम एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए ही लिया है। बिश्केक में हुए एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उसे 18 में से चार ही कोटा स्थान मिले। ये कोटा स्थान भी सभी महिला पहलवानों को ही मिले हैं जबकि पुरुष पहलवान विफल रहे। विश्व क्वालीफायर मुकाबले नौ मई से तुर्की में होंगे और ये एशियाई क्वालीफायर से अधिक मुश्किल हैं। इसी कारण कठिन डब्ल्यूएफआई ने नये ट्रॉयल का फैसला लिया है। डब्ल्यूएफआई विश्व क्वालीफायर के लिए सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो) , पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह भी भारतीय पहलवानों के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। इसी कारण उन्होंन इस मामले में चयन पैनल से भी बात की है। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटा नहीं मिल पा रहा है।





# कोहली के पास 40 गेंदों में शतक बनाने की क्षमता, टी20 विश्व कप में ओपनिंग करें : गांगुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को यहां कहा कि दिग्गज विराट कोहली के पास ट्रेविस हेड की तरह 40 गेंदों में 100 रन बनाने की क्षमता हैं और वेस्टइंडीज तथा अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली ने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'विराट कोहली में 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमता है। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था कि भारत के पास जैसी क्षमता है उसके मुताबिक उन्हें बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगाने की जरूरत है। फिर देखना चाहिये कि पांच -छह ओवर के बाद क्या होगा।' गांगुली चाहते कि चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। वह हालांकि आदर्श रूप से कोहली-रोहित को पारी का आगाज करते देखना चाहते है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है।' इंग्लैंड के खिलाफ शानदार घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्या यशस्वी जयसवाल के मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टी20 विश्व कप में चयन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यशस्वी का दावा कमजोर हुआ है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं।' गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप का चयन आईपीएल के सिर्फ एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा, 'आपको हर प्रदर्शन को देखना होगा। एक अच्छी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन होता है । भारत के पास कमाल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे समय के साथ बेहतर हुए है।' उन्होंने कहा, 'इस दृष्टिकोण से टीम में युवाओं का मिश्रण होना चाहिए। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता इतने परिपक्व हैं कि सिर्फ एक आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा, 'शिवम दुबे ने पिछले साल भी अच्छा प्रदर्शन किया था और इस बार भी बेहतरीन खेल दिखा रहे है।



# भारतीय टीम मालिक पर लगा श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप




अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। इन भारतीयों पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक मध्य कैंडी जिले के पाल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया। फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया। पटेल इस टूर्नामेंट में कैंडी स्वैम्प आर्मी टीम के मालिक हैं। अधिकारियों ने कहा कि मामले के आगे बढ़ने के साथ पंजाब रॉयल्स के मैनेजर आकाश पर भी आरोप तय किए जाएंगे। श्रीलंका के पूर्व एकदिवसीय कप्तान और वर्तमान में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष उपुल थरंगा तथा न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी नील ब्रूम ने खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पटेल और आकाश द्वारा मैचों को फिक्स करने के लिए लीग में क्षमता से कम प्रदर्शन करने के लिए संपर्क करने की शिकायत की थी। इसके बाद अदालत ने पटेल और आकाश के जांच पूरी होने तक देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। लीग को ना तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से मान्यता मिली है और ना ही श्रीलंका क्रिकेट से। श्रीलंका खेल में मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार को अपराध की सूची में डालने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश था जब उसने 2019 में इस खतरे के खिलाफ कानून पारित किया था। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। इस कानून के तहत भ्रष्टाचार के लिए संपर्क के बारे में जानकारी देने में विफल रहने पर भी सजा का प्रावधान है।

# संजू सैमसन को भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए : हरभजन सिंह

**मुम्बई (एजेंसी)।** जयपुर = संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा कि राजस्थान के कप्तान को रोहित शर्मा के बाद भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। सैमसन ने 28 गेंदों में 135.71 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 38 रन की पारी खेली।

हरभजन ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ यशस्वी जयसवाल की नाबाद 104 रन की पारी की सराहना की और कहा कि यह युवा इस बात का सबूत है कि 'क्लास स्थायी है'। पूर्व स्पिनर ने कहा कि मेन इन ब्लू टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज को लेकर कोई और बहस नहीं होनी चाहिए और सैमसन को भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम में शामिल किया जाना चाहिए। हरभजन ने कहा, 'यशस्वी जयसवाल की पारी इस बात का प्रमाण है कि क्लास स्थायी है, यशस्वी जायसवाल की फॉर्म अस्थायी है। और कीपर बल्लेबाज के बारे में कोई बहस नहीं होनी चाहिए। संजू सैमसन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में आना चाहिए और रोहित के बाद भारत के लिए अगले टी20 कप्तान के रूप में भी तैयार होना चाहिए।%

मैच की बात करें तो यशस्वी जायसवाल ने फॉर्म में लौटते ही शतक जड़ा और जयपुर के सवाईं मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। जायसवाल जोकि सीजन में अर्धशतक बनाने के लिए तरस रहे थे, ने मुंबई के खिलाफ लय हासिल कर ली और अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। मुंबई ने मुकाबले में पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 65 और नेहल वडेहरा के 49 रनों की बदौलत 179 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान को जायसवाल और बटलर ने मजबूत शुरूआत दी। बटलर जिन्होंने पिछले मुकाबले में शतक जड़ा था, ने इस बार चावला की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 35 रन बनाए। इसके बाद जायसवल ने 104 तो राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 38 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।



## दो हेलीकॉप्टर टकराए, क्रू के सभी 10 सदस्यों की मौत



कुआलालंपुर। नेवी के एक समारोह की तैयारी कर रहे मलेशियन दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में क्रू के सभी 10 सदस्यों को मौत हो गई। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। रिपोट्र्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए।

## ताइवान में लगे एक के बाद एक 80 झटके, कोई हताहत नहीं, मापी गई 6.3 तीव्रता, मामूली नुकसान की खबर

ताईपे। ताइवान के भूकंप प्रभावित पूर्वी काउंटी हुलिएन में सोमवार को आए भूकंप के झटकों के बाद मंगलवार सुबह कई भूकंप के झटके महसूत किए गए। इन भूकंप के झटकों से मामूली नुकसान होने की खबर है कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। काउंटी हुलिएन में सोमवार शाम 5 बजे से रात 12 बजे के दौरान 80 से ज्यादा बार झटके लगे। इनमें सबसे ज्यादा तीव्रता 6.3 और 6 दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक, यह भूकंप के झटके रात 12 बजे के आसपास थोड़ी-थोड़ी देर के अंतर से आए। वहीं टीएसएमसी ने कहा कि उसने परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं देखा। बड़े पैमाने पर ग्रामीण और कम आबादी वाले हुलिएन में 3 अप्रैल को 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए थे, और तब से अब तक एक हजार से अधिक झटके महसूस किए जा चुके हैं। ताइवान की राजधानी ताइपे समेत उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी ताइवान के बड़े हिस्सों में इमारतें पूरी रात हिलती नजर आईं। ताइवान के सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि सोमवार दोपहर से शुरू भूकंपों का सिलसिला शुरु हुआ जिसकी तीव्रता लगभग 180 आंकी गई। ताइवान के भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ने कहा कि झटके ऊर्जा का केंद्रित विमोचन थे और इससे भी ज्यादा तेज झटकों की उम्मीद की जा सकती है, हालांकि यह उतने मजबूत नहीं हैं। उन्होंने कहा, इस सप्ताह पूरे ताइवान में भारी बारिश की भविष्यवाणी के साथ, हुलिएन में लोगों को अलर्ट रहने को कहा गया है। हुलिएन के अग्निशमन विभाग ने कहा कि तीन अप्रैल को आए भूकंप से दो इमारतों को ज्यादा नुकसान हुआ है और वे झुक रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता, ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) ने कहा कि फ़ैक्टरियों के कुछ कर्मचारियों को निकाला गया था, लेकिन सुविधा और सुरक्षा प्रणालियाँ सामान्य रूप से काम कर रही थीं और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। मंगलवार की सुबह टीएसएमसी के ताइपे-सूचीबद्ध शेयरों में 1.75त्न की वृद्धि के साथ, निवेशकों ने भूकंप के बारे में चिंताओं को खारिज कर दिया। पर्वतीय हुलिएन काउंटी में आए भूकंप के झटकों से चट्टानों के गिरने के बाद कुछ सड़कें बंद होने की सूचना मिली है जिसके चलते सरकार ने स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी है। बता दें कि ताइवान दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है और भूकंप के प्रति संवेदनशील है। 2016 में दक्षिणी ताइवान में आए भूकंप में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जबकि 1999 में 7.3 तीव्रता के भूकंप में 2,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

## भारतीय मूल के विवाहित व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर धक्का दिया था, जिससे चोट लगने से महिला की मौत हो गई थी। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर उसकी पिटाई की थी। मल्लिका की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध मामले के बाद) वादा किया था कि वह सुधर जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार जारी रखा। कृष्णन की पत्नी ने नवंबर 2015 में उसे और उसकी प्रेमिका को कमरे में एक साथ देखा था और दोनों शराब पी रहे थे, लेकिन उसने उस समय इस आशंका से कृष्णन से माफी मांग ली कि कहीं वह गुस्से में आकर उस पर शराब की बोतल ना फेंक दे। अदालत के दस्तावेजों में बताया गया है की कृष्णन ने 2017 में मल्लिका की एक छोटी सी बात पर पिटाई की थी। मल्लिका द्वारा कई पुरुषों के साथ यौन संबंध होने की बात स्वीकार करने के बाद दोनों के संबंध खराब होने लगे। 15 जनवरी, 2019 को मल्लिका और कृष्णनन जब घर में शराब पी रहे थे, तब उसी दौरान मल्लिका ने अन्य पुरुषों के साथ यौन संबंध होने और उस धोखा देने की बात कबूल की, जिससे नाराज होकर कृष्णनन ने अपनी प्रेमिका की पिटायी की और उसे धक्का दे दिया जिससे उसका सिर अलमारी से टकराया और उसकी मौत हो गई।

## चीन में पुल से टकराकर जहाज डूबा, चार लापता

गुआंग्डोंग। दक्षिण चीन में एक जहाज के पुल से टकराने के बाद उसमें सवार चार लोग लापता हो गए। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस अधिकारी और बचाव दल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के फ़ोशान शहर जिउजियांग ब्रिज के एक घाट से टकरा गया और बाद में डूब गया। जिसमें चालक दल के 11 सदस्य थे। उनमें से सात लोगों को बचा लिया गया जबकि चार लोग लापता हैं। मंगलवार सुबह लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए 300 से अधिक पुलिस अधिकारी और समुद्री बचाव दल भेजे जा चुके हैं। दुर्घटना के कारण की जांच चल रही है। विशेषज्ञों ने पुल का प्रारंभिक मूल्यांकन किया और पाया कि पुल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पुल के घाट पर खरोंच के निशान थे, पुल की सुरक्षा के लिए मूल्यांकन करने की जरुरत है। फिलहाल आसपास के जलक्षेत्रों में यातायात चालू कर दिया गया है। यह जानकारी शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने दी।

## आतंकवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाएंगे पाकिस्तान और ईरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और ईरान ने सैद्धांतिक रूप से अपने-अपने देशों में आतंकवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह निर्णय पाकिस्तानी आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी के साथ उनके ईरानी समकक्ष अहमद वाहिदी और ईरान के न्याय मंत्री अमीन-होसैन रहीमी के बीच एक बैठक में लिया गया। बयान ने कहा कि पाकिस्तान और ईरान आपसी समर्थन में सुधार लाने और खुफिया जानकारी आदान-प्रदान करने के साथ ही आतंकवादी खतरे से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं। जारी बयान में यह भी कहा गया कि इस संबंध में जल्द ही एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया गया। पाकिस्तान और ईरान एक-दूसरे के देश में जेलों में बंद अपने नागरिकों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने सीमा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया जिसमें तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है। दोनों ईरानी मंत्री, राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के नेतृत्व वाले एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, जो तीन दिवसीय पाकिस्तान की यात्रा आए हुए हैं।



कीव में यूक्रेनी सेना में शामिल होने के लिए जरुरी सैन्य परीक्षा में भाग लेते हुए नये रंगरुट।

# ईरान पर बड़ा हमला करने जा रहा था इजरायल, एक फोन ने रोक ली बड़ी तबाही

**तेलअवीव (एजेंसी)।** इजरायल रातों-रात तेहरान समेत ईरान के बड़े सैन्य ठिकानों को तबाह करना चाहता था, इतने बड़े हमले की योजना थी कि ईरान को व्यापक पैमाने पर नुकसान हो। इजरायली अधिकारियों ने इस बात का खुलासा किया है कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ईरान को तगड़ी चोट देना चाहते थे लेकिन, एक फोन ने उनका इरादा बदल दिया। बता दे कि अभी इजरायल और ईरान के बीच हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान के 13-14 अप्रैल को मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास मिसाइल हमला किया, यह तो कंफर्म हो चुका है। लेकिन, रिपोर्ट से पता चला है कि इजरायल की शुरुआती प्लानिंग यह नहीं थी।

तीन इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ इजरायल की मूल जवाबी हमले की योजना में तेहरान सहित सैन्य ठिकानों पर व्यापक जवाबी हमला शामिल था। रिपोर्ट में इजरायली पीएम नेतन्याहू और बाइडेन ने फोन पर बातचीत में समझा कि इतने व्यापक और नुकसानदेह हमले को नजरअंदाज़ करना ईरान के लिए तब बहुत कठिन होता, जिससे ईरान के जबरदस्त जवाबी हमले की संभावना बढ़ जाती। इसलिए ऐन वक्त पर हमले की प्लानिंग और जगह को बदला गया।रिपोर्ट के अनुसार, गहन राजनयिक दबाव और दुनिया को एक और महायुद्ध से रोकने के लिए इजरायल ने अंततः यह



फैसला किया कि वह कम शक्तिशाली हमले का विकल्प चुनेगा। इजरायल का ईरान पर हमला गुरुवार-शुक्रवार के बीच रात के दरम्यान अंजाम दिया गया। इजरायली और पश्चिमी अधिकारियों का हवाला देते हुए, अखबार का यह भी कहना है कि इजरायल ने ईरान के पश्चिम में कई सौ मील की दूरी पर तैनात विमानों से छोटी संख्या में मिसाइलें दागीं, और ईरानी वायु सुरक्षा को भ्रमित करने के लिए छोटे हमले वाले ड्रोन भी लॉन्च किए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल की एक मिसाइल ने ईरान के एस -300 एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त किया था। इस इलाके के पास ईरान का परमाणु प्लांट है। इस हमले की इजरायल ने न ही आधिकारिक तौर पर जिम्मेदारी ली है और न ही ईरान ने खुद पर हमला होने की बात कबूली है। ईरान का कहना है कि अगर उस पर हमला हुआ होता तो उसकी वायु रक्षा प्रणाली ऐक्टिव हो जाती, जो कि ऐसा नहीं हुआ।

## चुपचाप चीन की निजी यात्रा पर रवाना हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पांच दिवसीय ''निजी यात्रा पर चीन रवाना हुए। शरीफ परिवार यात्रा को लेकर सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहने से बचा रहा है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने बताया कि उसके सर्वोच्च नेता अपने पोते जुनैद सफदर और निजी कर्मचारियों के साथ लाहौर हवाई अड्डे से 'चाइनीज सदर्न एयरलाइंस' की उड़ान से एक निजी यात्रा पर चीन रवाना हुए।



पीएमएल-एन ने पूर्व पीएम शरीफ की चीन की पांच दिवसीय यात्रा के विस्तृत विवरण की जानकारी नहीं दी है। शरीफ चीन में चिकित्सकीय जांच कराएंगे और पंजाब में विकास परियोजनाओं के संबंध में कुछ चीनी कंपनियों के साथ बैठक करने वाले है। उनकी बेटी मरियम नवाज पंजाब की मुख्यमंत्री हैं। बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री इशाक डार भी उनके साथ यात्रा पर गए हैं। पीएमएल-एन हलकों में ये अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि शरीफ चीन में संभवतः किसी ''विशेष काम'' से गए हैं। शरीफ पहले कभी चिकित्सकीय कारणों से चीन नहीं गए। वह 2019 में चिकित्सकीय आधार पर ब्रिटेन गए थे और पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार गिरने के बाद 2023 में लौटे थे। उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ केंद्र में छह दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगे आरोप को उनके वकील ने बताया झूठा



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दो अलग-अलग मामलों में गंभीर आरोप हैं। क्या उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के नतीजों को पलटकर और अवैध रूप से सत्ता में बने रहने का प्रयास किया था? वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर राष्ट्रपति अभियान के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित रूप से छुपाए गए पैसे के भुगतान को कवर करने के लिए कानून के तहत आरोप लगाया है। ट्रम्प पर तथाकथित गुप्त धन मामले में व्यावसायिक रिकॉर्ड को गलत साबित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है।

अभियोजकों ने कहा कि ट्रंप ने 2016 राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देकर न केवल प्लेबॉय मॉडल के साथ अपने यौन संबंध को छिपाने की कोशिश की, बल्कि उन्होंने पैसे देने की जानकारी छिपाकर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को ही भ्रष्ट किया। हालांकि, ट्रंप के वकीलों ने कोर्ट में विरोधी वकीलों के आरोपों को नकार कर कहा, कि ट्रंप ने ऐसी कोई गलती नहीं की है। उनका आरोप था कि झूठे रिकॉर्ड राज्य और संघीय चुनाव कानून के उल्लंघन को कवर करने के प्रयास का हिस्सा थे, हालांकि यह अभी भी प्रत्यक्ष चुनाव हस्तक्षेप का प्रकार नहीं है जैसा कि ट्रम्प पर अन्यंत्र आरोप लगाया गया है। ट्रंप ने स्वयं न्यूयॉर्क मुकदमे और उनके खिलाफ तीन अन्य आपराधिक मामलों को चुनावी हस्तक्षेप के रूप में संदर्भित किया है, बिना सबूत के सुझाव दिया है कि वे व्हाइट हाउस में लौटने के उनके अभियान को कमजोर करने की डेमोक्रेटिक योजना का हिस्सा हैं। न्यूयॉर्क मामले को पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ सबसे कम परिणामी के रूप में देखा जाता है।

## चेतावनी : मंगल से आ सकता है खतरनाक वायरस

### – खतरों से निपटेगा नासा, अरबों रुपए करेगा खर्च

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** आज वैज्ञानिक तरह-तरह की चीजों पर पता लगा रहे हैं और कई ऐसी चीजें भी इजात कर रहे हैं जिससे मानवजाति को फायदे के साथ-साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। यह पृथ्वी पर पैदा किए हुए हथियार ही नहीं। ग्रह, क्षुद्रग्रह, या उलकापिंड के जरिए आए खतरनाक और जानलेवा सूक्ष्मजीव भी हो सकते हैं। यह आशंका मंगल ग्रह से आने वाले नमूनों से जाहिर होती है और कोई भी इस संभावना को सिरे से खारिज नही कर सकता है। अब नासा इस तरह के खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, इसके लिए अरबों डॉलर खर्च करने का तैयारी में है।

एस्ट्रोबायोडिफेंस फोर्स लाल ग्रह से आने वाले नमूनों के जरिए संभावित खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम होंगा। नासा अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, जिसमें अरबों डॉलर का खर्च आएगा। एक एस्ट्रोबायोडिफेंस बल जरूरी हो सकता है क्योंकि नासा मंगल ग्रह के टुकड़ों को हमारे ग्रह पर लाना शुरू कर रहा है। लाल ग्रह की सतह से लिए गए नमूनों को कुछ विवादों का सामना करना पड़ा है क्योंकि सार्वजनिक निकायों ने चेतावनी दी है कि उन वस्तुओं से जुड़े पारिस्थितिक रूप से भूखे रोगाणु हमारे ग्रह पर फैल सकते हैं। किसी भी संभावित जैविक परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जैवरक्षा पर द्विदलीय आयोग पहले ही स्थापित किया जा चुका है। डेमोक्रेटिक कांग्रेस महिला डोना शालाला और पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी और रिपब्लिकन कांग्रेस महिला सुसान ब्रूक्स इन नमूनों को वापस लाने के चलते आने वाले खतरों के लिए चेता रही हैं। उन्होंने एक संयुक्त बयान जारी कर दुनिया को चेताया है कि अंतरिक्ष अन्वेषण हमारे समय की कुछ बड़ी चुनौतियां और अवसर प्रदान करता है, लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम खुद को नए और पहले से अप्रत्याशित खतरों से भी परिचित कराते हैं। नमूने लौटाने के लिए नासा के अरबों डॉलर के बजट के हिस्से के रूप में, अंतरिक्ष संगठन के पास 11 अरब डॉलर से भी कम है।

# राष्ट्रपति मुइज्जू को लगने लगा- भारत की खिलाफत ही उन्हें सत्ता पर काबिज रखेगी

**माले (एजेंसी)।** मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने हाल ही में हुए चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। इससे पहले लग रहा था कि उन्हे इस चुनाव में ज्यादा नुकसान होने वाला है। तर्क दिए जा रहे थे कि भारत के साथ संबंध खराब होने के कारण मुइज्जू को नुकसान हो सकता है। लेकिन स्थति बिलकुल विपरीत रही। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में रिकॉर्ड 71 सीटों पर जीत दर्ज करके ''प्रचंड बहुमत'' हासिल कर लिया है। इस चुनाव को राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था। उनकी नीतियों को लेकर भारत और चीन की नजर रहती है। बंपर जीत के बाद मुइज्जू का बड़बोला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के नतीजों ने दुनिया को दिखा दिया कि मालदीव के लोग अपना भविष्य अपनी मर्जी से चुनते हैं और वे किसी तरह का विदेशी दबाव नहीं चाहते। भारत का नाम न लेते हुए उन्होंने कहा कि हिडन एजेंडे वाले लोगों के लिए भी यह स्पष्ट सबक है।



88 भारतीय सैन्य कर्मियों में से अधिकांश को भारत भेजने का फैसला लेने वाले चीनी समर्थक नेता मुइज्जू ने कहा, हम एक गौरवान्वित राष्ट्र हैं जो संप्रभुता और स्वतंत्रता से प्यार करते हैं, जिसे हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव परिणाम इस बात का सबूत है कि मालदीव के लोग देश के भविष्य को आकार देने में मुख्य पहचान के रूप में इस्लामी आस्था और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों को बनाए रखना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव का नतीजा मालदीव के लोगों के दृष्टिकोण और उद्देश्यों के बारे में शेष दुनिया के लिए एक संदेश है।राष्ट्रपति मुइज्जू ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, संसदीय चुनाव परिणाम यह साबित करने के लिए भी था कि मालदीव के लोग विदेशी दबाव के बिना अपना भविष्य चुनने में स्वायत्तता चाहते हैं। उन्होंने पहले भारत पर मालदीव के मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है और पिछले साल सितंबर में इंडिया आउट अभियान के साथ उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव जीता था। राष्ट्रपति ने कहा, हिडन एजेंडे वाले लोगों के लिए भी यह स्पष्ट हो गया है कि मालदीव के लोग क्या चाहते हैं। इसलिए, मैं उनसे आग्रह करता हूं कि अब जब चुनाव खत्म हो गए हैं, तो वे असंतोष को छोड़ दें। बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का समर्थक माना जाता है। मालदीव में सरकार बनाते ही मुइज्जू ने भारत विरोधी कार्य शुरू कर दिए थे। उन्होंने राष्टपति बनने के बाद भारतीय सेना को वापस भेजना शुरू किया और चीन से दोस्ती को और गहरा किया। चीन की सरकार ने मालदीव में ऐतिहासिक जीत पर मुइज्जू को बधाई दी है। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने रविवार को हुए चुनाव में 93 में से 68 सीट जीतीं और इसके गठबंधन साझेदारों-मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) तथा मालदीव डेवलेपमेंट एलायंस (एमडीए) ने क्रमशः एक और दो सीट जीती हैं। मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि आम चुनाव के नतीजों ने दुनिया को दिखाया है कि मालदीववासी अपना भविष्य चुनने में स्वायत्तता चाहते हैं, विदेशी दबाव नहीं।

# मौका मिलते ही गाजा के साथ कश्मीर का भी राग अलापने लगा पाक

**तेहरान (एजेंसी)।** पाकिस्तान हमेशा से ही कश्मीर का राग अलापता रहा है। उसे जहां मौका मिलता है वो उसका फायदा उठाने की कोशिश करता है। हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिन के पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे हैं। इस मौके पर सोमवार को पाकिस्तान ने एक बार फिर से इस्लामिक कार्ड खेला। गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान ने इस दौरान एक तरफ ईरान को कश्मीर के मसले पर साथ देने के लिए धन्यवाद दिया तो वहीं उसके साथ अपने रिश्ते को सदियों पुराना बताया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे ईरान से रिश्ते 76 साल पुराने नहीं हैं बल्कि सदियों के हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले ही 1947 में अस्तित्व में आया, लेकिन इस क्षेत्र से ईरान का पुराना नाता रहा है। यही नहीं जब पाकिस्तान बना तो उसे मान्यता देने वालों में ईरान सबसे आगे था।यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दौरान इब्राहिम रईसी को अपना बिरादरी भाई बताया।

रईसी को जान-ए-बारादर संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि आपने ऐसे वक्त में गाजा के लिए आवाज उठाई, जब दुनिया में कोई साथ नहीं दे रहा था। यही नहीं इस दौरान शहबाज शरीफ ने गाजा में मारे गए 35 हजार लोगों को मुसलमानों का शहीद होना करार दिया। इसके अलावा उन्होंने कश्मीर का भी राग अलापा और गाजा से तुलना करते हुए कहा कि वहां भी भारत के अत्याचार की वजह से मुसलमानों का खून गिर रहा है। शहबाज शरीफ ने दुनिया के मुसलमानों से एकता की अपील भी की। इस तरह पाकिस्तान बाज नहीं आया और ईरान के राष्ट्रपति के दौरे पर कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। हालांकि इस मामले में ईरान ने उसे करारा झटका दिया। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने अपने बयान में गाजा के लिए समर्थन करने पर पाकिस्तान का शुक्रिया अदा किया। इस्लामिक एकता की भी बात कही, लेकिन कश्मीर का नाम तक नहीं लिया। इस तरह पाकिस्तान का एजेंडा ईरानी राष्ट्रपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही खड़े-खड़े ध्वस्त कर दिया। उन्होंने खुलकर इस्लामिक एकता की वकालत की और कहा कि आज मुसलमानों को एकजुट रहने की जरूरत है। फिर भी कश्मीर के बारे में कुछ नहीं बोला। सऊदी अरब, तुर्की, ईरान जैसे बड़े



मुस्लिम देशों के नेताओं से मुलाकात के दौरान पाकिस्तान के नेता कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। हालांकि सऊदी अरब और ईरान जैसे देशों से उसे झटका ही लगता रहा है। हालांकि तुर्की कई बार कश्मीर का मसला उठा चुका है, जिस पर भारत ने ऐतराज भी जताया था। गौरतलब है कि गाजा में इजरायली हमले में अब तक करीब 35 हजार लोग मारे जा चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं मिल रही है सही जरूरतमंदों को अबुया आवास का लाभ : करुणा मय मंडल



**जादूगोड़ाः** सरकार के लाख प्रयास के बावजूद नहीं मिल पा रही है वाकई सही जरूरतमंद आवास हीन गरीबों को अबूया आवास योजना का लाभ। ऐसे अनेकों प्रमाण में से एक देखने को मिल सकता है पोटका प्रखंड के डोमजुड़ी पंचायत के राजदोहा गांव के कोचा टोला में जंहा सुचित्र कर्मकार, पिता - स्व. हरे कर्मकार रहता है। गरीब दुर्बल शरीर लिए ना तो ठेकेदारी में काम कर पता है जो वृद्धा मां (शांति कर्मकार) की पेंशन, सरकारी राशन एवं पत्नी (बेहूला कर्मकार) की दैनिक मजदूरी के सहारे तीन सदस्यीय परिवार लिए जीने को मजबूर है। ऐसे में अपना घर को मरम्मत कर पाना कंहा संभव की बात है। जिसके कारण पूरे साल में प्लास्टिक ढक के धूप पानी से जान बचाना ही इनकी बेबसी बन चुकी है। एक और सरकार गरीब जरूरतमंदों को आवास देने की बड़ी बड़ी वायदे कर रही है ढिंढोरा पीट रही है वंही सुचीत्र कर्मकार जैसे ना जाने कितने असहाय गरीबों के जर्जर घरें चीख चीख कर सच्चाई बयां कर रही है। व्यवस्था से हताश होकर बेचारे सुचित्र कर्मकार आज बहूत उम्मीद लिए अपने पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल के पास पंहुच कर अपना दुखड़ा सुनाया। पूर्व पार्षद श्री मंडल द्वारा व्यवस्था पर खेद जाहिर करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया की लोकसभा चुनाव के बाद उनकी समस्या को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के समक्ष रखी जायेगी तथा किसी भी आवास योजना के माध्यम से उन्हें आवास उपलब्ध करवाने की अनुरोध कि जायेगी।
अधूरे फीडर को पूर्ण करने को लेकर मुखिया ने सौपा मांग पत्र


### मुखिया ने सीनियर इंजीनियर अमीनुल हक को एक मांग पत्र जीएम के नाम सौपा



**जादूगोड़ा :** हल्दीपोखर टाउनशिप फीडर के अधूरे कार्य को पूर्ण करने तथा हल्दीपोखर पोचा तलाब के ऊपर से बिजली प्रवाहित होने से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए, तथा दुर्घटना से बचने के लिए जाली की व्यवस्था करने की मांग को लेकर मुखिया देवी कुमारी भूमिज द्वारा सीनियर इंजीनियर अमीनुल हक को एक मांग पत्र जीएम के नाम सौपा गया एवं अभिलंब हल्दीपोखर के टाउनशिप फीडर का कार्य पूरा करने की मांग की उन्होंने कहा कि बरसात आने वाला है लगभग एक वर्ष से आश्वासन दिया जा रहा है, मगर अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है . जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है इस आक्रोश को देखते हुए जल्द से जल्द टाउनशिप फीडर का कार्य पूर्ण किया जाए ।

### पत्रकार विनोद दास के आश्रितों को मिले आर्थिक सहयोग : प्रीतम भाटिया

**50 हजार रुपए और एक वर्ष का सूखा राशन देगी शहरी जिला कमिटी AISMJWA**



**जादूगोड़ाः** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन की एक आपात बैठक साकची के दयाल इंटरनेशनल में हुई.इस अवसर पर ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया मुख्य रूप से उपस्थित थे.उन्होने गत दिनों वरिष्ठ पत्रकार विनोद दास के देहांत को अपूर्णीय क्षति बताया है. भाटिया ने कहा कि ऐसोसिएशन को यह जानकारी मिली है कि विनोद दास के देहांत के बाद उनके आश्रितों को मदद की जरूरत है.इसके लिए शहरी जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह,महासचिव आशीष गुप्ता और सचिव अरूप मजूमदार को पीड़ित परिवार से मिलकर सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है.उन्होने कहा कि जो आया है वह जाएगा ही और यह तो सबके साथ होना है इसलिए सभी एकजुट होकर विनोद दास के परिवार को मदद करें. भाटिया ने कहा कि ऐसोसिएशन की ओर से सभी आवश्यक योजनाओं का लाभ एवं आर्थिक मदद हेतु सरकार को भी पत्र लिखा जाएगा. शहरी जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह ने कहा कि दो-तीन दिन में विनोद दास के परिवार को एक वर्ष का सूखा राशन और 50 हजार रुपए सहयोग राशि उनके परिवार को सौंप दी जाएगी. ऐसोसिएशन के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा.मौके पर ऐसोसिएशन के राज्य सदस्यता प्रभारी नागेंद्र कुमार,इंद्रजीत सिंह भुल्लर,चिंटू सिंह राजपूत,मनोज शर्मा,चंदन डे सहित अन्य पत्रकार भी उपस्थित थे।

### जादूगोड़ा के आस-पास दिखा मिलन करते दो जोड़ी सांफ



**जादूगोड़ाः** जादूगोड़ा में बीते दिनों से दो जोड़ी सांफ मिलन होते हुए दिखाई दे रही है । आज शाम को धर्मडीह में दिखाई दी. इससे पहले जादूगोड़ा बाजार गेट के सामने रामनवमी के रोज रात्रि में थाना बाउंड्री के नाली के सामने दो जोड़ी सांफ मिलन करते हुए दिखाई दी । जिसे देखने को लोगो का जाना -आना लगा रहा ।वही आज धर्मडीह बस्ती पुलिया के सामने दिखा . लोगो से जानना चाहा कौन सा सांफ है नाम किया है किसी ने कहा नाग-नागिन तो किसी ने कहा कुछ ।हालांकि खबर लिखने तक सही जानकारी नही मिली . भिड़ के वजह से सांफ यूसिल की बाउंड्री के उसपार चली गई ।

## कांके सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास महाराजा मदरा मुण्डा के सभी धार्मिक स्थलों में भेड़ा, बकरा एवं मुर्गा की बलि देकर हुई पुजा

बिभा संवाददाता




**रांची :** मंगलवार को कांके सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास सभी धार्मिक चिन्हों पर भेड़ा,बकरा एवं मुर्गा का बलि देकर पुरे विधि विधान,ढोल नगाड़ो के साथ महा राजा मदरा मुण्डा का चैत पुर्णिमा जयन्ती धूम धाम से बनायी गयी जिसमें हेसातू, रातू, हेसालुंग, मैकलुस्कीगंज, चुड़ी टोला, उपर कोनकी, चुड़ी बस्ती, सोसई टोला (बुड़मू), नगड़ा, चिलदाग सोसो, हेसल गोन्दरी पोखर, ओखरगढ़ा, पुशू, बुकरू, कोकदोरो, कांके रोड, मुरूम, होचर, बालू इत्यादि क्षेत्रों से पुरूष,महिलाएँ भारी संख्या में शमिल हुवे।
महाराजा मदरा मुण्डा चैत पुर्णिमा पुजा समिति के अध्यक्ष सह मुड़हर पहाड़ के पहान अरबिन्द पहान ने कहा की आदिवासी समाज आदिकाल से बलि प्रथा का परंम्परा को निभाते आयी है और आज भी महाराजा मदरा मुण्डा की जयन्ती पर सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास सभी धार्मिक स्थलों में जाकर पुरे विधि विधान,ढोल नगाड़ो के साथ पुजा पाठ किया तथा भेड़ा,बकरा एवं मुर्गा का बलि देकर पुजा सम्पन्न कराया गया।
मुख्य संरक्षक लक्ष्मीनारायण मुण्डा ने कहा की महाराजा मदरा मुण्डा की जयन्ती पुरे आदिवासी रिझ रंग ढोल नगाड़ो के साथ सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ में बनाया गया आने वाले वर्षों में इससे भी भाव और बढ़िया रूप में बनाया जाऐगा।
संरक्षक शहदेव मुण्डा ने कहा की आज के युवाओं को हमारे वीर महापुरूषों के इतिहास को जानने की जरूरत है। महाराजा मदरा मुण्डा अपने शासन काल में पड़हा व्यवस्था को बनाया था ताकि आदिवासी समाज एक साथ मिलकर रहे। इस कार्यक्रम में लाला महली,साधू मुण्डा, रंजन पहान, राजेश पहान, शिवधन मुण्डा, श्याम लाल पहान, रामेश्वर पहान, सोनू मुण्डा, जगदीश पहान, सधन उराँव, डब्लू मुण्डा, दरिद्र चन्द्र मुण्डा, मनीष मुण्डा, अनिल कच्छप, शिवरतन मुण्डा, सुनील होरो संजू देवी अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक आयोजित



बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुडू में जंगली हाथी ने एक को कुचला, दर्दनाक मौत

**गांव में पहुंचे हाथियों के झुंड को भगाने के दौरान उग्र हुए हाथी**

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा :** कुडू में जंगली हाथीयों के झुंड ने एक बार फिर कहर बरपाया है। सोमवार की देर रात करीब 10:30 बजे प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथीयो ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10:30 बजे बड़मड़ा ईटरा गांव में 20 से 25 जंगली हाथीयों के झुंड गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलने के बाद एकजुट हुए गांव वाले मशाल, बम -पटाखा लेकर हाथी को भगाने निकल गए। इसी बीच बड़मारा और चंदलासो गांव के सीमाने पर स्थित डेम के समीप अपने खेत की सिंचाई कर रहे महावीर उरांव भी हाथी भगाने चला गया। तभी महावीर भगत के क्रेशर के समीप ग्रामीण और हाथीयों का झुंड आमने सामने हो गया। हाथियों को सामने देख अफरा तफरी में लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकी महावीर जमीन पर गिर गया जिसे हाथियों ने कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। हादसे के कुछ देर बाद ग्रामीणों ने महावीर को कूडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। घटना की सूचना पर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने त्वरित संज्ञान लिया जिसके बाद मृतक की पत्नी को अस्थायी राहत के रूप में डीएफओ लोहरदगा द्वारा 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने के बाद भी कोई पुख्ता इन्तेजान नही किया जाता है जिससे प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बेघर होते हैं और जान माल का नुकसान होता रहता है। फिलहाल हाथियों के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

### स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरुकता अभियान चलाया गया



**लोहरदगा।** मंगलवार 23 अप्रैल को जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगणों और भविष्य के मतदाताओं के रूप में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलायी गया। साथ ही मतदाताओं से अपील की गई कि वे आगामी 13 मई 2024 को मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम में रंगोली भी छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम में सेन्हा के अंचल अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण, जेएसएलपीएस की दीदियां तथा स्कूल के बच्चे शामिल हुए।

### चाचा ने भतीजे का कुल्हाड़ी से मार की हत्या

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ाः** बहरागोड़ा प्रखंड के बरसोल थाना क्षेत्र के खेड़ूया पंचायत अंतर्गत जयपुरा गांव में अपने वंशीय चाचा ने भतीजा रुद्र मोहन साउ (49) के सर पर कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या. इस सम्बंध में थाना प्रभारी चंदन यादव से पूछे जाने पर दूरभाष से जानकारी दी कि आपसी जमीन विवाद को लेकर कई वर्षों से दोनों परिवार के बीच झगड़ा था. दोपहर 1:00 बजे लगभग बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अभियुक्त को चलान समाचार लिखे जाने तक नही किया गया ग्रामीणों ने जानकारी दी कि जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा सुलझाया गया था. लेकिन मंगलवार की सुबह चाचा संजीवन साउ ने विवाद को पूणः जागृत करते हुए सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर घायल को अपनी निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां घायल के प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु पीआर एम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया गया . वहीं परिजन 108 एंबुलेंस द्वारा बारीपदा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही घायल की मृत्यु हो गई. जिसके तत्पश्चात मृतक को पुणः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. उधर मौके में पुलिस पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु घाटशिला भेज दिया गया. साथ ही हत्यारा को गिरफ्तार करके तथा हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त करके पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है ।

## किस्को में देशी कट्टे के साथ अपराधी गिरफ़्तार




बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** किस्को थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना पर करवाई करते हुए किस्को थाना पुलीस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करते हुए किस्को थाना काण्ड संख्या-11/2024 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की गुप्त सूचना एवं वरीय पदाधिकारीयों द्वारा मिले निर्देश पर 22 अप्रैल देर रात को विशेष छापामारी दल का गठन करते हुए गुप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई की गई, इसी क्रम में किस्को थाना के हुटाप स्थित जलमीनार के समीप पुलिस वाहन को देख कर एक युवक भागने लगा, पुलिस ने युवक को एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार करते हुए मंडल कारा भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हुटाप निवासी सुगम्बर यादव के 30 वर्षीय पुत्र अर्जुन यादव उर्फ कुनु के रूप में हुई है। युवक अपराधी प्रवृत्ति का है, युवक पर पूर्व से किस्को थाने में एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। छपामारी दल में पु० नि० चन्द्रशेखर आजाद, पुलिस निरीक्षक किस्को अंचल,पु० अ० नि० हर्षवर्द्धन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, किस्को थाना,पु० अ० नि० महेन्द्र प्रसाद यादव, किस्को थाना,पु० अ० नि० प्रकाश कुमार, किस्को थाना, पु० अ० नि० देवेन्द्र हाँसदा, किस्को थाना, हव0-नागेन्द्र दीक्षित, आ0-84 दोनो सिरका, आ0-699 विकास कुमार सिंह, आ0-367 शिवनाथ, किस्को थाना,चालक गृहरक्षक-1207 जफीर अंसारी आदि शामिल थे।

### सेन्हा में अवैध बालू ढो रहे तीन ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगाः** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले की सूचना पर प्रशासन की संयुक्त कारवाई में अवैध बालू ढो रहे तीन ट्रैक्टरों को बरवाटोली से जब्त किया गया है। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू कारोबारी की गुप्त सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को लगतार मिल रहा था लेकिन आगमी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अमले अस्त व्यस्त होने का फायदा बालू माफिया द्वारा उठाया जा रहा था। मंगलवार सुबह बालू माफियाओं ने हद पार कर दिया जिसकी सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार को मिलते ही उनके नेतृत्व में प्रशिक्षु एस पी वेदांत शंकर के आदेशानुसार एस आई मनोज कुमार ने क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छपेमारी करते हुए बरवाटोली ग्राम पथ से तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध बालू उठाव एवं विभाग के राजस्व क्षति करने का बालू माफिया साजिश के तहत चोरी छुपे लगतार बालू ढोलाई कर रहे थे। जिसके विरुद्ध पुलिस कारवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। और खनन अधिनियम तथा परिवहन के तहत जब्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध नियम संगत कारवाई किया जाएगा। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगतार कारवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नही रहा है। बताते हुए उन्होंने कहा अब उन सभी बालू माफिया के विरुद्ध कारवाई किया जाएगा जो इस कार्य में संलिप्त है।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com